कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 339, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 08 जनवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# पीएम मोदी पर टिप्पणी: बैकफुट पर मालदीव

## मोदी-भारत पर आपत्तिजनक टिप्पणी, मालदीव के 3 मंत्री सस्पेंड

**नई दिल्ली**

**पीएम मोदी** पर महिला मंत्री की आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद मालदीव बैकफुट पर है। मालदीव की जीडीपी का 56 फीसदी से अधिक पर्यटकों पर आधारित है। क्या भारत से टकराव और पीएम के अपमान की मालदीव भारी कीमत चुकाएगा?

मालदीव और भारत के रिश्तों में राजनीति की अहम भूमिका है। विदेश मंत्रालय राष्ट्रीय हित और नीतियों के मुताबिक दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में संतुलन बनाने के प्रयास करता है। हालांकि, ताजा घटनाक्रम दोनों देशों के रिश्तों में आई तल्खी का है। सोशल मीडिया पर बायकॉट मालदीव ट्रेंड हो रहा है। रिश्तों की तल्खी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम भी चर्चा में है। पीएम मोदी पर मालदीव के मंत्री मरियम शिउना की विवादित टिप्पणी भी चर्चा में है। मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का भारत के प्रति नजरिया भी चुनौतीपूर्ण है। सोशल मीडिया यूजर्स मालदीव का बहिष्कार करने की बात कर रहे हैं। लगातार दो दिनों तक लक्षद्वीप गूगल पर सबसे अधिक सर्च किया गया कीवर्ड बना रहा। कभी पर्यटकों का पसंदीदा गंतव्य रहा मालदीव भारत के लोगों की ड्रीम डेस्टिनेशन लिस्ट से गायब हो रहा है। यूजर्स वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए शेयर कर रहे हैं कि उन्होंने अपनी मालदीव यात्रा कैंसिल करने के बाद लक्षद्वीप और दूसरी जगहों का प्लान बना रहे हैं। ऐसे में मालदीव के पर्यटन उद्योग को बड़ा झटका लगना तय माना जा रहा है।



### मालदीव पर्यटन से कितना पैसा कमाता है?


मालदीव के लिए पर्यटन उद्योग कितना अहम है इसका अंदाजा इससे होता है कि 2021 में मालदीव को लगभग 3.49 बिलियन अमेरिकी डॉलर का राजस्व पर्यटन से मिला। देश की जीडीपी का लगभग 56 प्रतिशत टूरिज्म से आता है। देश के अलावा पूरे दक्षिण एशिया में भी मालदीव का पर्यटन अग्रणी है।

## जॉन इब्राहिम ने भी लक्ष्यद्वीप की सुंदर तस्वीरें साझा की

**जॉन** इब्राहिम ने भी लक्ष्यद्वीप की सुंदर तस्वीरें साझा की हैं। अतिथि देवो भवः की बात लिखी है और कहा है कि विचार और विशाल समुद्री जीवन की खोज के साथ लक्षद्वीप जाने लायक जगह है। एक तरफ जहां भारत में सोशल मीडिया पर बायकॉट मालदीव्स और लक्षद्वीप चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है वहीं दूसरी ओर मालदीव में राजनीतिक बहस शुरू हो गई है। वहां के कई नेता और पार्टी एक मित्र देश भारत के साथ इस तरह के व्यवहार को लेकर चिंता जाहिर कर रहे हैं और सरकार से उनके मंत्री की ओर से दिए गए बयान से दूरी बनाने की अपील कर रहे हैं।

## चीन के कर्ज तले डूबा मालदीव?

**अंतर्राष्ट्रीय** मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुताबिक मालदीव अरबों के कर्ज में डूबा है। चीन का लगभग 1.3 बिलियन डॉलर बकाया है। मालदीव का सबसे बड़ा बाहरी ऋणदाता चीन ही है। देश के कुल सार्वजनिक ऋण में लगभग 20 प्रतिशत चीनी योगदान है। ऐसे में अरबों के कर्ज में डूबे मालदीव को कई यूजर्स ने भारत के साथ न टकराने की नसीहत भी दी। चीन समर्थक मुइज्जू के शासनकाल में आशंका है कि मालदीव में फिर से चीन का दखल बढ़ेगा और भारत से मालदीव के रिश्ते कमजोर हो जाएंगे। यह भी दिलचस्प है कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू शपथ ग्रहण में भारत से केंद्रीय मंत्री किरेण रिजिजू गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों देशों की सरकारों के बीच टकराव को न्यूनतम करने पर बात हो रही है।



मालदीव सोशल मीडिया यूजर्स से कितना घबराया हुआ है इसका अंदाजा पूर्व राष्ट्रपति के ट्वीट से होता है। एक्स पर एक पोस्ट में भारत-हितैषी समझे जाने वाले पूर्व राष्ट्रपति नशीद ने कहा, एक प्रमुख सहयोगी देश के नेता के प्रति भयावह भाषा का इस्तेमाल गलत है।

इसका संज्ञान लेना मालदीव की सुरक्षा और समृद्धि के नजरिए से महत्वपूर्ण है।

## मालदीव के पर्यटन उद्योग में भारतीयों का बड़ा योगदान



**साल** में दो लाख से ज्यादा पर्यटक मालदीव जाते हैं। उच्चायोग के मुताबिक 2022 में लगभग 2.41 लाख भारतीय मालदीव गए। 2023 में भी दो लाख लोग मालदीव गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में लक्षद्वीप दौरे पर गए जिसके बाद बायकॉट मालदीव ट्रेंड होने लगा। इसके बैकग्राउंड में युवा मामलों की उप मंत्री मरियम शिउना ने अपमानजनक टिप्पणी की थी। पूर्व राष्ट्रपति नशीद ने इसकी निंदा की थी।

इसी बीच वर्तमान सरकार ने कहा है कि मंत्री शिउना का बयान सरकार का प्रतिनिधित्व नहीं करती। सरकार ऐसी अपमानजनक टिप्पणियों के खिलाफ कार्रवाई करने में हिचकिचाहट नहीं दिखाएगी।

बता दें कि मालदीव की मंत्री शिउना ने पीएम मोदी के लक्षद्वीप प्रवास की तस्वीरों और वीडियो पर आपत्तिजनक और अपमानित करने वाल टिप्पणी की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक शिउना के सहयोगी मालशा शरीफ ने भी पर्यटन अभियान के खिलाफ ऐसी अपमानजनक टिप्पणियां की थीं। इनके खिलाफ सोशल मीडिया पर भारतीयों के बीच काफी आक्रोश देखा गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने लक्षद्वीप के नैसर्गिक सौंदर्य और पर्यटन के क्षेत्र में क्षमता का जिक्र किया था। सोशल मीडिया यूजर्स कमेंट करने लगे कि अब लोगों को अपनी छुट्टी मालदीव की बजाय लक्षद्वीप में मनानी चाहिए।

## अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा, रोहित-कोहली की वापसी

**नई दिल्ली**

अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के भारतीय टीम की घोषणा हो गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को 16 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। टीम में वरिष्ठ खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी हुई है। रोहित टीम की कप्तानी करेंगे। रोहित और विराट पिछले साल खेले गए टी20 विश्व कप के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। टी20 विश्व कप 2022 के बाद से न तो रोहित और न ही कोहली ने कोई अंतरराष्ट्रीय टी20 मैच खेला है। दोनों की वापसी से माना जा रहा है कि दोनों आगामी टी20 विश्व कप में खेलते नजर आएंगे। टी20 सीरीज के लिए घोषित टीम में रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा और यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ी शामिल हैं। टीम में कई ऑलराउंडर हैं, जिनमें शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल शामिल हैं। लेग स्पिनर कुलदीप यादव के साथ रवि बिश्नोई को फिरकी की कमान सौंपी गई है। वहीं तेज गेंदबाजी का दारोमदार आवेश खान, अर्शदीप सिंह और मुकेश कुमार के कंधों पर रहेगा। टीम में अनुभवी खिलाड़ी हार्दिक पांड्या, सूर्यकुमार यादव चोट के चलते शामिल नहीं हो पाए हैं। पांड्या आईसीसी वनडे विश्व कप के दौरान चोटिल हो गए थे। वह अब तक उससे उबर नहीं पाए हैं। सूर्यकुमार यादव दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर चोटिल होने के कारण टीम में जगह नहीं बना पाए। तीन मैचों की टी20 सीरीज की शुरूआत 11 जनवरी को मोहाली में होगी। इसके बाद दूसरा मैच 14 जनवरी को इंदौर में और तीसरा व आखिरी मैच 17 जनवरी को बेंगलुरु में खेला जाएगा।

**टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मुकेश कुमार।

## टीएमसी की नई-पुरानी पीढ़ी में मतभेद नहीं: अभिषेक बनजी

**डायमंड हार्बर**

टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी के नेतृत्व में हम सब एकजुट हैं। साथ ही कहा कि पुराने नेताओं और नई पीढ़ी के बीच कोई भी भेद नहीं हैं। गौरतलब है कि टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे भी हैं।

**टीएमसी में मतभेद का तो सवाल ही नहीं- अभिषेक**

विपक्ष और तमाम रिपोर्ट में दावा किया गया कि टीएमसी के भीतर पुरानी पीढ़ी और नई पीढ़ी में कई मुद्दों को लेकर आपसी मतभेद हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पुरानी और नई पीढ़ी में मतभेद का सवाल ही नहीं। इस तरह की सभी रिपोर्ट गलत और पूरी तरह से आधारहीन हैं। दक्षिण 24 परगना के डायमंड हार्बर में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मैं मतभेदों की खबरों को खारिज करते हुए कहना चाहता हूं कि पश्चिमबंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में हम सब एकजुट हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसी खबरें भी आ रही थी कि मैंने टीएमसी में निष्क्रिय होने का फैसला लिया है।



## आदित्य-एल1 भारत की शक्ति और भारतीय वैज्ञानिकों की शक्ति का प्रमाण: मोदी

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अरब सागर में अगवा किए गए मालवाहक पोत को समुद्री लुटेरों से रिहा कराने के लिए भारतीय नौसेना के अभियान को 'वीरतापूर्ण' बताया। जयपुर में पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के 58वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने भारत के पहले सौर मिशन आदित्य एल1 की सफलता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह भारत की शक्ति और भारतीय वैज्ञानिकों की शक्ति का प्रमाण है।

पीएम मोदी ने कहा- दो दिन पहले भारतीय नौसेना ने एक को ऑपरेशन वीरता से पूरा किया। उन्होंने कहा कि जवानों को संदेश मिला- मालवाहक पोत खतरे में है तो भारतीय नौसेना के कमांडो सक्रिय हो गए। पोत में 21 नाविक थे, जिनमें 15 भारतीय थे। मार्कोस कमांडो ने सभी नाविकों को बचा लिया। बचाए जाने के बाद भारतीय नाविक कमांडो की बहादुरी की सराहना कर रहे थे और 'भारत माता की जय' के नारे लगा रहे थे। सम्मेलन में पीएम मोदी ने सौर मिशन आदित्य एल1 का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा- अंतरिक्ष यान पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किलोमीटर दूर अपने गंतव्य, एल1 बिंदु पर पहुंच गया है। यह वह स्थान है, जहां से आदित्य एल1 सूर्य को स्पष्ट रूप से देख सकेगा और उसके चमत्कारों का अध्ययन करेगा। पीएम मोदी ने कहा- आदित्य एल1 की सफलता भारत की शक्ति और भारतीय वैज्ञानिकों के कौशल का प्रमाण है।



## प्रदूषण रोकथाम के लिए वैज्ञानिक अध्ययन करेगा सीपीसीबी



**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) से कहा है कि पत्थर तोड़ने वाली इकाइयों से होने वाले प्रदूषण पर डेटा जुटाने के लिए वैज्ञानिक अध्ययन किए जाएं। अदालत में दो जजों की खंडपीठ ने सवाल किया है कि क्या क्रशर संचालित करने के लिए पहले से पर्यावरणीय मंजूरी लेने की जरूरत पड़ती है? न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ में इस मामले की सुनवाई हो रही है। उढउइ को दिए निर्देश में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, स्टोन क्रशिंग इकाइयों के कारण होने वाले प्रदूषण पर अपनी रिपोर्ट दाखिल करें।

**सरकार की अपील पर आदेश पारित हुआ**

अदालत ने पूछा कि क्या 14 सितंबर, 2006 को जारी पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना के दायरे में पत्थरों को तोड़ने वाले क्रशर को भी लाया जाना चाहिए या नहीं? गौरतलब है कि कुछ परियोजनाओं और गतिविधियों के लिए पहले पर्यावरणीय मंजूरी लेना जरूरी होता है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने तीन जनवरी को यह आदेश पारित किया। गौरतलब है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी), पूर्वी क्षेत्र ने 1 मई, 2023 को आदेश पारित किया था। शीर्ष अदालत में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इसे चुनौती दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की अपील पर यह आदेश पारित किया।

## टीएमसी नेता शाहजहां शेख प. बंगाल के संदेशखली में छिपे': भाजपा

**कोलकाता**

भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी कभी तृणमूल कांग्रेस में शीर्ष नेताओं में गिने जाते थे। सीएम ममता बनर्जी से मतभेद के बाद अपना राजनीतिक रास्ता अलग कर चुके शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल नेता शाहजहां शेख को लेकर बड़ा दावा किया है। ईडी अधिकारियों पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी टीएमसी नेता शाहजहां पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। शुभेंदु का दावा है कि शाहजहां बांग्लादेश भागने की ताक में हैं और फिलहाल पश्चिम बंगाल के ही संदेशखली में छिपे हुए हैं। ईडी अधिकारियों की टीम पर हमला करने के मामले में रविवार को शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि भागने के अवैध प्रयास कर रहे शेख अभी भी पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में छिपे हैं। भाजपा नेता का दावा है कि शाहजहां संदेशखाली इलाके में मौजूद हैं और बांग्लादेश भागने की जुगत भिड़ा रहे हैं। शुभेंदु अधिकारी के मुताबिक स्थानीय टीएमसी नेताओं से उन्हें विश्वसनीय जानकारी मिली है। स्थानीय पुलिस और प्रशासन को भी इसकी जानकारी है, लेकिन कार्रवाई के लिए पुलिस राजनीतिक आकाओं और टीएमसी आलाकमान की ओर से इशारा होने का इंतजार कर रही है। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन विभाग (ईडी) के अधिकारियों की टीम शेख के आवास पर छापेमारी करने गई थी। शुक्रवार को गई ईडी की टीम पर ताला तोड़कर जबरन घर में घुसने का आरोप लगा है। जांच में शामिल अधिकारियों के मुताबिक ईडी की टीम पर भीड़ ने जानलेवा हमला किया।

## कुछ लोग 84 साल के बाद भी रिटायर नहीं होना चाहते: अजीत

**मुंबई**

**एनसीपी से** अलग हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने ही चाचा और एनसीपी के संस्थापक शरद पवार पर परोक्ष रूप से कटाक्ष किया हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग 80 साल के होने के बावूजद उनका राजनीति से मोह भंग नहीं हो रहा हैं। ऐसे लोग सेवानिवृत होने के लिए तैयार ही नहीं हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के कर्मचारी 58 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त हो जाते हैं। अजित पवार ने कहा कि हम यहां काम करने आए हैं। लोगों की सेवा करने के लिए हम सरकार में शामिल हुए हैं। ऐसे मुद्दे जिन्हें सरकार में रहकर ही हल किया जा सकता हैं, उसके लिए हम सरकार में शामिल हुए हैं। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्यादातर लोग 75 की उम्र में अपने सक्रिय पेशे से रिटायर हो जाते हैं।

## 29 हजार से अधिक फर्जी फर्मों का भंडाफोड़, महाराष्ट्र सबसे आगे

**मुंबई**

केंद्र सरकार ने बताया है कि फर्जी पंजीकरण के खिलाफ अभियान के दौरान करोड़ों रुपये का राजस्व बचाने में मदद मिली है। जीएसटी अधिकारियों का कहना है कि फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) दावे करने वाली 29,273 फर्जी फर्मों का पता लगाया है। इससे 4,646 करोड़ रुपये का राजस्व बचाने में मदद मिली है। आंकड़े दिसंबर 2023 तक के हैं, जिसमें आठ महीनों के दौरान 44,015 करोड़ रुपये के फर्जी दावे किए गए। पहले चार स्थानों पर महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्य हैं।




**किस राज्य में कितने फर्जी फर्म**

सरकार के मुताबिक अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में 4,153 फर्जी कंपनियों का पता लगाया गया। इनमें लगभग 12,036 करोड़ रुपये की संदिग्ध इनपुट टैक्स क्रेडिट चोरी शामिल थी। केंद्रीय जीएसटी अधिकारी इनमें से 2,358 फर्जी फर्मों का पता लगा चुके हैं। महाराष्ट्र 926 फर्जी फर्मों के साथ सूची में शीर्ष पर है। इसके बाद राजस्थान (507), दिल्ली (483) और हरियाणा (424) का नंबर आता है।

**तीन महीने में 41 गिरफ्तारियां, जीएसटी अधिकारी भी बेहद सक्रिय**

वित्त मंत्रालय ने बताया कि दिसंबर तिमाही के दौरान 1,317 करोड़ रुपये का राजस्व सुरक्षित करने में सफलता हासिल हुई। 319 करोड़ रुपये की वसूली की गई। 997 करोड़ रुपये आईटीसी यानी इनपुट टैक्स क्रेडिट को अवरुद्ध करके सुरक्षित किए गए। सरकार ने कहा कि इन मामलों में 41 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। 31 गिरफ्तारियां केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों ने की हैं।

**सरकारी खजाने में कुल 4,646 करोड़ रुपये की बचत**

बता दें कि मई 2023 के मध्य में फर्जी पंजीकरण के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया था। वित्त मंत्रालय ने बताया कि इसके बाद से, 44,015 करोड़ रुपये के संदिग्ध इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) चोरी में शामिल कुल 29,273 फर्जी फर्मों का पता चला है। सरकारी खजाने में कुल 4,646 करोड़ रुपये की बचत करने में कामयाबी हासिल हुई है।

**दिल्ली में सबसे अधिक चोरी, महाराष्ट्र में सबसे अधिक फर्जी फर्म**

3,802 करोड़ रुपये आईटीसी को अवरुद्ध कर बचाए गए, जबकि 844 करोड़ रुपये वसूली के माध्यम से बचाए गए। सभी मामलों को मिलाकर अब तक 121 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। वित्त मंत्रालय के मुताबिक, दिसंबर तिमाही के दौरान, महाराष्ट्र की 926 फर्जी फर्मों ने 2,201 करोड़ रुपये की संदिग्ध कर चोरी की। इसके खिलाफ कार्रवाई के दौरान 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया। दिल्ली में 483 फर्जी फर्मों ने 3,028 करोड़ रुपये की संदिग्ध कर चोरी की। यहां भी 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया। आंध्र प्रदेश में 19 फर्जी फर्मों का भंडाफोड़ हुआ है। इनमें 765 करोड़ रुपये की संदिग्ध कर चोरी की जानकारी मिली। हरियाणा में 424 फर्जी फर्मों ने 624 करोड़ रुपये की कर चोरी की। उत्तर प्रदेश में 1,645 करोड़ रुपये की संदिग्ध जीएसटी चोरी हुई।

# अयोध्या से आए अक्षत के साथ निकली कलश यात्रा

## शोभायात्रा पर लोगों ने बरसाए फुल

**अखंड भारत संदेश**





**जारी।** अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश को लेकर जारी बाजार में स्वयंसेवकों और नागरिकों द्वारा एक शोभायात्रा निकाली गई । रविवार को दोपहर इस यात्रा में बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल रहे । टीम में अक्षत कलश और राम के पत्रक को लेकर लोग घर-घर गये । महिलाएं अपने आंचल में अक्षत लेकर माथे पर लगाते देखी गई । यह शोभायात्रा हनुमान मंदिर गडैय़ा बाजार से निकलकर पुलिस चौकी, मंडी समिति, करछना रोड होते हुए हनुमान मंदिर पर ही समाप्त हुई । इस दौरान कई जगह शोभा यात्रा पर फूलों की वर्षा की गई । कलश लेकर बाजार में पड़ने वाले कई मंदिरों पर भी दल ने पूजा अर्चना भी की । गाजे बाजे के साथ निकाली शोभायात्रा और राम धुन के डीजे ने सबका मन मोह लिया । नौजवान हाथों में भगवा ध्वज की पताखाएं लहरा रहे थे । कई व्यापारियों ने पूजित अक्षत लेकर उसे अपने गल्ले में डाला । कुछ महिलाएं रसोई में ले जाकर अन्न भंडार में इस अक्षत को रखती देखी गई । शोभायात्रा में बड़े हनुमान मंदिर के महंत बाबा बालक दास, सुरेश केसरवानी, विपिन गुप्ता,वीरेंद्र जायसवाल, गोविंद शरण, कपूर चंद्र अग्रहरी, शिव बाबू अग्रहरि, शिवराम अग्रहरि, शिव प्रसाद जी, कृपानाथ तिवारी, राकेश अग्रहरी, राजेंद्र केसरवानी, धर्मेंद्र सोनी, पप्पू केसरवानी, राजेश त्रिपाठी आदि लोग शामिल रहे ।

## पिलखिनी गृह संपर्क अभियान में अयोध्या पूजित अक्षत वितरित



**जंघई।** जंघई मंडल के पिलखिनी ग्राम सभा में श्री अयोध्या पूजित अक्षत वितरण अभियान के तहत रविवार को अक्षत वितरण किया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम के जयकारे के साथ पूरा क्षेत्र भगवान श्रीराम के भक्तिरस से सराबोर हो गया है। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु पिलखिनी गांव में अक्षत, पत्रक एवं श्रीराम का चित्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल एवं भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा वितरित किया गया। इस दौरान सभी से 22 जनवरी को अपने अपने घरों एवं मंदिरों में दीपोत्सव मनाने की अपील किया गया। कार्यक्रम में टोली प्रमुख राजू भाईसाहब, संपर्क टोली सदस्यों में संदीप गुप्ता भाजपा मंडल अध्यक्ष जंघई, किशन पाठक, बाबा शर्मा, रिंकू मिश्र, आयुष जायसवाल, मनीष जायसवाल, गणेश सहित तमाम लोग मौजूद रहे।




## घर घर जाकर कार्यकताओं ने दिए पूजित अक्षत

**सहसों।** श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से पूजित अक्षत एवं पत्रक मंदिर निर्माण चित्र को ग्राम सभा देवनहरी में ग्राम वासियों के साथ मिलकर घर घर जाकर वितरित किया गया। तथा बताया गया कि आगामी पौष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080 सोमवार दिनांक 22 जनवरी 2024 के शुभ दिन प्रभु श्री राम के बाल रूप नूतन विग्रह को श्री राम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भ गृह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के दिन सायं काल सूर्यास्त के बाद अपने घर के सामने भगवान को समर्पित दीपक जलाएं एवं राम भजन करते हुए उत्सव मनाएं। इस मौके पर व्यवस्था प्रमुख पवन कुमार शुक्ला, लक्ष्मीकांत मिश्रा, राकेश प्रसाद मिश्रा, गुलाब प्रसाद त्रिपाठी, लक्ष्मी प्रसाद शुक्ला, संजय कुमार शुक्ला, आलोक कुमार कनौजिया, राम सिंह, नितिन शुक्ला, शेष कुमार पाल, बाबा तिवारी सहित आदि ग्रामीण शामिल रहे। इसी प्रकार सहसों बाजार में इंजीनियर बद्री प्रसाद सिंह की अगुवाई में कार्यकताओं ने घर-घर एवं प्रतिष्ठानों पर जाकर पत्रक एवं प्रभु श्री राम जन्म भूमि की मंदिर का चित्र एवं पूजित अक्षत दिए। तथा लोगों से 22 जनवरी को राम भजन एवं घरों में भव्य दीपोत्सव के साथ राम उत्सव मनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर शिव बाबू केशरवानी, मनोज तिवारी, जयेश केसरवानी, विशाल सोनी, गोल्डी साहू , निखिल तिवारी एवं रितेश केसरवानी सहित आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### ध्वज यात्रा में उमड़ा जन सैलाब, लगा राम का जयकारा जगह-जगह की गई पूजा-अर्चना, भक्तों ने की पुष्पवर्षा



**बारा।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इसके निमित्त रविवार को अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत कलश एवं श्रीराम ध्वज यात्रा यमुनापार पहुंची, जिसमें रामभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। हनुमान मंदिर से श्रीराम ध्वज और पूजित अक्षत कलश श्रीराम भक्तों के विशाल जन समूह के साथ बारा के हनुमान नगर, लोहगरा बाजार के लिए जय श्रीराम के जयकारों के साथ डीजे की धुन पर झूमते हुए श्रद्धालु निकले। हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर श्रीराम ध्वज यात्रा गायत्री मंदिर पहुंचा, जहां हनुमान मंदिर में पूजा उपरांत यात्रा हनुमान नगर हनुमान मंदिर पर रुकी। शिव मंदिर पर पूजा उपरांत पूरे नगर, ग्राम में श्री राम भक्तों ने श्रीराम के जयकारों के साथ भ्रमण कर नगर वासियों से अपील किया कि 22 जनवरी को भगवान श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरे गांव और नगर मोहल्ले में राम उत्सव मनाएं। हनुमान नगर, हनुमान मंदिर पर एक साथ सैकड़ों लोगों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर यात्रा का स्वागत किया। गांवों में पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर राम दरबार की झांकी भी निकली गई। भगवान श्रीराम, माता सीता के साथ और अपने भाई लक्ष्मण के साथ विराजमान और उनके चरणों में बजरंगबली हनुमान के बैठने की झांकी को जिस किसी ने देखा वह ह्यजय श्रीरामह्ल कहने से अपने आप को रोक नहीं सका। हनुमान नगर, लोहगरा बाजार के पास विधिवत पूजा-अर्चना के बाद श्रीराम ध्वज को स्थापित किया गया एवं सामूहिक आरती उतारी गई। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत चंद्र निधान पांडेय,विभवनाथ भारतीय,मनोज सिंह, मुकेश जी,दिवाकर सिंह,राजू केसरवानी,रामसिंह, राहुल, आदर्श, सुजीत, धर्मेंद्र,गुड्डू, चेतन,उमा,बल्लू आदि मौजूद रहे।

### गृह संपर्क अभियान में घर घर न्योता देने निकले राम भक्त




**जंघई।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकताओं एवं राम भक्तों ने अयोध्या से आए पूजित अक्षत, पत्रक व चित्र को महरछा गांव में घर घर जाकर निमंतण दिया। 22 जनवरी को अयोध्या में बने श्री रामलला के भव्य मंदिर श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी इस दिन सभी राम भक्तो से आग्रह किया गया की अपने अपने घरों के सामने रंगोली बनाएं एवं शाम के समय पांच दीपक जलाए व दिन में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के समय गांव के ही मंदिरो में भव्य अयोजन कर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाएं। ग्राम सभा महरछा अक्षत वितरण कार्यक्रम में विहिप प्रतापपुर प्रखंड अध्यक्ष अशोक दुबे, प्रधान पुत्र महरछा साहब तिवारी, दूधनाथ मिश्रा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड शारीरिक प्रमुख आशीष शुक्ल, अनुवां मंडल कार्यवाह शुभम, मंडल शारीरिक प्रमुख लाल जी, ग्राम टोली में प्रभात, दशरथ, अभिषेक, सूरज, अनमोल, प्रिंस, मुरारी, आलोक मौर्य, अनिकेत मिश्र आदि राम भक्तों ने हर घर निमंत्रण अक्षत देने के साथ-साथ अपने घर एवं मंदिर पर दीपोत्सव और मंदिर पर सुंदरकांड करने के लिए प्रेरित किया।

### घर,-घर पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र का हुआ वितरण



**सिरसा** प्रयागराज मेजा क्षेत्र विकास खण्ड उरुवा ग्रामपंचायत मिश्रपुर में दर्जनों के संख्या भाजपा कार्यकताओं ने टोली बनाकर 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम अयोध्या धाम से आया अक्षत वितरण करने के कार्यक्रम के बारे में घर-घर पूजित अक्षत कलश का निमंत्रण पत्र का हुवा वितरण। अयोध्या में नवनिर्मित राममंदिर के बारे में निमन्त्रण पत्र पर लिखा और राम भक्तो को मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम भगवान के दर्शन अयोध्या बीने आये दर्शन करने के लिए बताया जा रहा हैं कि कैसे 22 जनवरी को हम सब प्राण-प्रतिष्ठा बन सकते है। 11 बजे से एक बजे तक टीवी लगाकर अयोध्या का मन्दिर लाइव वीडियो देख सकते है। 22 जनवरी को सभी भक्त दीपदान करे और प्रभु श्रीराम भगवान का कीर्तन व भजन और प्रसाद वितरण करे। हिंदुओं के घरों में देशी घी का दिया जलाया जाय और मंदिरों को सजावट किया जाय। अधिक से अधिक संख्या में रामभक्त लोग घर व मुहल्ले में उपस्थित होकर श्रीराम नाम का कीर्तन व भजन जगह-जगह करना चाहिए। पूजित पूजित अक्षत व कलश निमंत्रण पत्र में मुख्य रूप से रणजीत सिंह पटेल आर्यन मिश्रा अनुराग मिश्रा निहाल मिश्रा सुधांशु पटेल आशीष सिंह ओम प्रकाश विश्वकर्मा , कृष्ण मुरारी सिंह, मनोज कुमार विश्वकर्मा,विजय श्याम तिवारी, अजय कुमार विश्वकर्मा, प्रभाकर पांडेय, शेषमणि शुक्ला आदि दर्जनों के संख्या में भाजपा के लोग उपस्थित रहे।

## नीरज मिश्रा जिला अध्यक्ष आशीष शुक्ला तहसील अध्यक्ष मनोनीत

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** प्रयागराज भारतीय पत्रकार संघ की जिला ईकाई गठन हेतु मंण्डप गेस्ट हाउस उरूवा मेजा में सम्पन्न हुआ जिसमे संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश चंद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ संघ के मजबुती एंवम एकजुटता पर बल देते हुऐ कहा कि पत्रकार की पहचान सत्यपरख और विश्वास ही होते हैं कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राज बहादुर श्रीवास्तव ने किया नीरज मिश्रा जिला अध्यक्ष आशीष शुक्ला को तहसील अध्यक्ष मेजा की घोषणा किए समापन प्रदेश संगठन मंत्री रवि गुप्ता ने कहा पत्रकार के हित के लिए पत्रकार संघ सदैव तत्पर है भारतीय पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया ।मंडल अध्यक्ष प्रयागराज मंडल हरीश चन्द्र त्रिपाठी ने निष्पक्ष समाचार संकलन करने हेतु पत्रकारों से अपील किया। अतुल तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता महामंत्री शुशील दुबे संगठन मंत्री पंकज पाण्डेय कार्यवाहक तहसील अध्यक्ष शौरभ पाण्डेय तहसील प्रभारी शाहिद अंसारी उपमंत्री दीपक शुक्ला प्रचार मंत्री नरेश दुबे उपमंत्री अंशु कुशवाहा जिला कार्यकारिणी सदस्य अमन तिवारी सदस्य कमल नरायण पाण्डेय जिला संगठन मंत्री चंद्रमा प्रजापति जिला महामंत्री धर्मपाल दोहरे जिला संयुक्त मंत्री राहुल यादव जिल संगठन मंत्री अमन मिश्रा जिल सयुक्तमंत्री आदि मौजूद रहे।



## गरीबों एवं असहायों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है - राजेश उपाध्याय

**मेजा।** क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहरी में गरीबों एवं असहायों की मदद के लिए समाज के संपन्न लोगों को आगे आना चाहिए क्योंकि गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। उक्त उदगार मेजा कोतवाली के प्रभारी राजेश उपाध्याय ने रविवार को थाना परिसर में गरीबों असहायों को कम्बल वितरण करने के दौरान ब्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि मेजा ऊर्जा निगम एवं स्वयं के फंड से इलाके के सैकड़ों गरीबों व असहायों को भीषण ठंड से राहत पहुंचाने के इरादे से थाना प्रभारी द्वारा की गई इस अनोखी पहल एवं पुनीत कार्य से न सिर्फ क्षेत्र के गरीब व असहाय लोग मेजा पुलिस को दुवाएं दे रहे हैं बल्कि आम जनमानस के लोग भी प्रशंसा कर रहे हैं। गौरतलब है कि कम्बल वितरित करते हुए श्री उपाध्याय ने कहा मुझे गरीबों की सेवा करने का जब भी अवसर मिलता है मैं किसी भी हाल में पीछे नहीं रहता हूं। उन्होंने आगे कहा कि गरीबों की सेवा ही सही मायने में ईश्वर सेवा है। थाना प्रभारी मेजा का मानना है कि जरूरत मंद लोग अपने आपको उपेक्षित महसूस न करें इसके लिए समाज के संपन्न लोगों को आगे आने की जरूरत है।

## खेल कूद मांसपेशियों से लेकर मस्तिष्क को रखता है संतुलित : योगेश

मांडा दशमियहवा मैदान में भाजपा नेता योगेश व इन्द्रदेव ने मांडवी स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब का किया शुभारम्भ

स्व.अनंत विजय द्विवेदी के चित्र पर माल्यार्पण कर अर्पित की श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**



**मांडा।** खेल से हमारे शरीर व मांसपेशियों को स्वस्थ एवं मस्तिष्क को संतुलित रखता है। हमारे मन को प्रफुल्लित रखता है। हम हमेशा सकारात्मक महसूस करते हैं। कभी-कभी चुनौतियां ऐसी आती है कि एक छोर से लगातार विकेट गिरने के बावजूद दूसरा खिलाड़ी साहस के साथ खड़ा रहता है और जो साहस रखता है जीत हमेशा उसी खिलाड़ी की होती है। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता योगेश शुक्ला ने रविवार को मांडा क्षेत्र के दशमिहवा मैदान पर हो रहे अनंत विजय द्विवेदी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता उद्घाटन के दौरान अपने विचार व्यक्त किये। वही विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता इन्द्र देव उर्फ राजू शुक्ला ने स्व.अनंत विजय द्विवेदी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए खेल का शुभारंभ किया। तथा सभी खिलाडियो का हौसला अफजाई की। उद्घाटन के पहले मैच में विंध्याचल की टीम ने कोठारी के सामने पहाड़ जैसा 113 रनो का लक्ष्य दिया। जिसमें विंध्याचल की टीम की ओर से खेल रहे दीपक कुमार आतिसी बल्लेबाजी करते हुए मात्र 24 गेंद खेलकर 10 छक्के व चार चौके के साथ 73 रन ठोक डाले और विपक्षी टीम कोठारी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित ओवरो में केवल 104 रन ही बना सकी। विशिष्ट अतिथि के रूप में ओंकार नाथ द्विवेदी,मांडवी शरण द्विवेदी, राकेश उर्फ गुड्डू शुक्ला, एड.अब्दुल हक अंसारी, शशि भूषण द्विवेदी, अमन मिश्र, शाहिद अंसारी, रामेश्वर त्रिपाठी , अंकुश, सुशांत पाण्डेय आदि।

## क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में सुलमई की टीम बनी विजेता



**करछना** के खांई गांव में जय मां शीतला क्रिकेट टूनार्मेंट के तत्वाधान में चल रही 10 दिवसीय प्रतियोगिता का समापन रविवार देर शाम को हुआ। जिसका फाइनल मुकाबला सुलमई क्रिकेट क्लब व खांई इलेवन क्रिकेट क्लब के बीच दिलचस्प व मुकाबला खेला गया। जिसमें सुलमई की टीम ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया । और पहले बल्लेबाजी करने उतरी खांई की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 9 ओवर में 10 विकेट खोकर 87 रन पर सिमट गई । जिसमें रामकृष्ण ने दो विकेट और राहुल व विजय मौर्य ने चार- चार विकेट लिया। और जवाब में सुलमई की टीम ने एक विकेट खोकर पांच ओवरों में मैच को जीत लिया। जिसमें राहुल मैन ऑफ द मैच बने । और विजय मौर्य मैन ऑफ द सीरीज रहे। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लांक प्रमुख प्रतिनिधि उरुवा पप्पू गौतम व विशिष्ट अतिथि सदस्य जिला पंचायत राजेश्वर पांडेय उर्फ बड़े बाबू ने विजेता व उपविजेता के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित करते हुए कहा कि खेल में कोई हारता नहीं बल्कि सीखता है। प्रतियोगिता के आयोजक व संयोजक रहे रोहित कुमार शर्मा उर्फ जेलर ने सभी अतिथियों समेत प्रतिभागी खिलाड़ियों के प्रति आभार जताया। कमेंटेटर के रूप में सोनू मिश्र रहे । और निर्णायक के रूप में गिरीश शर्मा व सोनू शर्मा रहे। इस मौके पर नागेंद्र शर्मा, माधवेंद्र मिश्र, एडवोकेट विकास शर्मा,रत्नेश शर्मा,अभिषेक गौतम, राजेश शुक्ल, आर्यन केसरवानी , राय शर्मा ,अनूप ,भुवर, चंदन, विपुल, पप्पू ,रजत ,अभिषेक, विराट, सोनू, गोल, सचिन,सौरभ आदि लोग मौजूद रहे।

## सीएससी करछना में आयुष्मान भवः बृहद स्वास्थ्य मेला संपन्न

विधायक पियूष रंजन निषाद ने वितरित किया आयुष्मान गोल्डेन कार्ड एवं मरीजों को पोषित स्वास्थ्य कीट



**करछना** प्रयागराज रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना में आयुष्मान भवः बृहद स्वास्थ्य मेले के आयोजन में गरीब महिलाओं एवं बच्चों तथा बुजुर्गो को स्वास्थ्य मेले में परीक्षण कर दवाएं दी गई के अलावा आयुष्मान गोल्डन कार्ड, फाइलेरिया किट के अलावा टीवी के मरीजों को पोषित किट वितरण किया गया,विधायक करछना पियूष रंजन निषाद मुख्य अतिथि ने करछना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना प्रयागराज में रविवार को आयुष्मान भवः बृहद स्वास्थ्य मेले का फीता काट कर उद्घाटन कार्यक्रम की शुरूआत की विधायक मेले में आए हुए सभी मरीजों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कयी कल्याण कारी योजनाओं के बारे में वृस्तित जानकारी दी कार्यक्रम के आयोजक स्वास्थ केन्द्र के अधीक्षक डॉ केबी ने स्वास्थ्य मेले में आए सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए मरीजों को हर संभव भरोसा दिलाया। कि अस्पताल में सभी प्रकार की सुविधाओं को मरीजों को दिया जाएगा का आश्वासन दिया,,इस अवसर पर दूर दराज से आए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी गई, विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी, त्रिवेणी पांडेय, डॉ भगवत पांडेय अधीक्षक डॉ केबी, डॉ वाईपी सिंह, सौरभ,सिंह, नन्हे पांडे, पुष्प राज सिंह, बच्चा सिंह, कार्यक्रम का संचालन अशोक बेशरम ने किया बड़ी संख्या में मरीजों के अलावा स्वस्थ्य कर्मी मौजूद रहे।




## पूर्व में रहे एमएलसी डॉ यज्ञदत्त शर्मा के निधन पर जताया गया शोक

**करछना** पंडित परमेश्वर दीन मिश्र इंटर कॉलेज बेनीपुर में विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में एक शोक सभा शुक्रवार को आयोजित हुई ।जिसमें पूर्व में रहे एमएलसी डॉ यज्ञ दत्त शर्मा के आसमायिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई। साथ ही साथ आपस में दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई ।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि पूर्व में रहे एमएलसी डॉ यज्ञ दत्त शर्मा शिक्षकों के हित चिंतक व मसीहा रहे। उनका निधन शिक्षा जगत की पूरी न होने वाली क्षति है ।इस मौके पर उप प्रधानाचार्य एके सिंह, शेषमणि ,विजयानंद तिवारी ,प्रवीण कुमार द्विवेदी, मिथिलेश कुमार ,मनोज कुमार शुक्ल, शैलेंद्र कुमार शुक्ल, नीलम त्रिपाठी ,मधु मिश्रा ,शैलेंद्र पांडेय, रुद्र तिवारी ,गोरेलाल मिश्र आदि मौजूद रहे।

# हनुमान नगर में सड़क चौड़ीकरण को पहुंची पीडीए टीम का विरोध हंगामा

## व्यापारियो के साथ व्यापारी नेताओ ने विरोध में स्टेशन रोड पर किया चक्काजाम, पीडीए की टीम वापस लौटी

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी नैनी स्टेशन रोड पर मेवालाल की बगिया से लेप्रोसी चौराहे तक प्रस्तावित चौड़ीकरण के लिए शनिवार रात पीडीए की टीम पहुंची। टीम के पहुंचने की सूचना पर व्यापारी भड़क उठे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चक्काजाम कर दिया। विरोध को देखते हुए पीडीए की टीम देर रात बैरंग वापस लौट गई। महाकुम्भ के लिए प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के लिए शनिवार रात प्रयागराज विकास प्रधिकरण की टीम मेवालाल की बगिया पहुंची थी। जेसीबी और पीडीए के अधिकारियों को देखकर व्यापारी विरोध करने लगे। सूचना पर



व्यापारीनेता भी मौके पर पहुंच गए और विरोध करने लगे। व्यापारियो की भीड़ जुटने के बाद मेवालाल की बगिया तिराहे से नैनी स्टेशन रोड जाने वाले मार्ग को व्यापारियो ने तखत लगाकर चक्काजाम कर दिया। व्यापारियो की मांग थी कि स्टेशन रोड की तरह ही मेवालाल बगिया से हनुमान नगर तक 12 मीटर ही चौड़ीकरण किया जाए। विरोध करने वालों में व्यापार



मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल, व्यापारी नेता सुभाष केसरवानी, टीनू अग्रवाल, बैजनाथ गुप्ता, धर्मराज पटेल, राम मिश्रा, समेंत दर्जनों व्यापारी मौजूद थे। पीडीए के भवन निरीक्षक कुवंर आंनद ने बताया की नाला बनाने के लिए जेसीबी से खुदाई चल रही थी। व्यापारियो ने विरोध शुरू कर दिया। इससे पहले 25 दिसम्बर को भी काम करने से रोका गया था।

## दहेज हत्या की बलि चढ़ाई गई शाहिस्ता परवीन की रविवार को नहीं आयी पीएम रिपोर्ट

**मऊआइमा।** दहेज में कार न मिलने पर विवाहिता के मयके वालों ने संदिग्ध परिस्थितियों में झूलती शव को देख कर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस शनिवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी थी। इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी तक नहीं आयी है। मालूम हो कि शनिवार को मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला कजियाना कलां तीन बत्ती निवासी हिदायत उल्ला की पत्नी शाहिस्ता परवीन की शादी छह माह बाद संदिग्ध हालात में शव पंखे से झूलता हुआ मिला था। मृतका के बडे भाई मोहम्मद अय्यूब मुगरा बादशाहपुर ने कार की मांग न पूरी होने पर दहेज हत्या का आरोप ससुरालियों पर लगाते हुए पति सहित छह पर मुकदमा दर्ज करा दिया था। इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि देर से शव पोस्टमार्टम के लिए जाने पर पोस्टमार्टम रविवार को होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# शुआट्स प्रबंधन द्वारा मांगे मानी गई, 8 जनवरी से परीक्षा कराने को तैयार हुए शिक्षक कर्मचारी

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी शुआट्स में बकाया वेतन को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं शिक्षक कर्मचारियों की मांगे प्रबंधन द्वारा मान ली गई इसके बाद समस्त प्रदर्शनकारी शिक्षक व कर्मचारियों ने 8 जनवरी से परीक्षा कराने के लिए अपनी सहमति प्रदान की। पीआरओ द्वितीय बृजेश पांडे ने बताया की प्रदर्शनकारियो द्वारा मांग की गई थी की सेवानिवृत्ति के पश्चात किसी भी शिक्षक या कर्मचारियों को ना रखा जाए, फीस से प्राप्त धनराशि का उपयोग वेतन निर्गत करने में किया जाए, सोसायटी की संपत्ति बेचने से प्राप्त फंड से कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान किया जाए, प्रदर्शनकारियो द्वारा नामित दो लोगों से चेक किए जाने के बाद ही कोई बाउचर का भुगतान किया जाए, व्यक्तिगत मुकदमों की पैरवी ना तो लीगल सेल द्वारा की जाए और ना ही इनकी पैरवी में विश्वविद्यालय फंड का उपयोग किया जाए, फीस से होने वाली आय का प्रत्येक सोमवार को ब्योरा दिया जाए, वित्तीय संकट के कारण किसी कर्मचारी को नौकरी से नहीं निकला जाए अनावश्यक सुरक्षा में लगे गार्ड को हटाकर अन्य कार्यों में लगाया जाए एवं गार्ड की संख्या में भी कमी की जाए। कार्यवाहक कुलपति प्रो विश्वरूप मेहरा ने कार्यालय ज्ञाप जारी करते हुए सभी मांगों पर सहमति दी जिसके बाद सभी शिक्षक कर्मचारी 8 जनवरी से परीक्षा कराने को तैयार हो गए।

# इस साल दो पीसीएस परीक्षाओं के परिणाम देने की तैयारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) इस साल दो पीसीएस परीक्षाओं के चयन परिणाम जारी करने की तैयारी में है। पीसीएस-2024 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आयोग मार्च में प्रारंभिक परीक्षा करा सकता है। अगर ऐसा हुआ और पहले की तरह इस बार भी नौ माह में परिणाम जारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया तो इस साल पीसीएस-2023 के साथ पीसीएस-2024 का परिणाम भी आ जाएगा।आयोग ने पीसीएस-2022 का अंतिम चयन परिणाम 10 माह के भीतर जारी किया था और पीसीएस-2023 का चयन परिणाम नौ माह के अंदर जारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। हालांकि, आयोग अब आठ माह में पीसीएस-2023 का परिणाम जारी करने की स्थिति में है। फिलहाल, दोनों ही स्थितियों में पीसीएस का परिणाम जारी करने को लेकर एक नया रिकॉर्ड बन जाएगा।पीसीएस-2023 की प्रारंभिक परीक्षा 14 मई 2023 को आयोजित की गई थी। आयोग आठ जनवरी 2024 से पीसीएस-2023 के लिए इंटरव्यू शुरू कराने जा रहा है, जो 12 जनवरी को पूरे हो जाएंगे। पीसीएस के 254 पदों पर भर्ती के लिए 451 अभ्यर्थी इंटरव्यू में शामिल होंगे। पीसीएस के 20 प्रकार के 254 पदों में से छह प्रकार के 104 पद ऐसे हैं, जिन पर चयन केवल लिखित परीक्षा के आधार पर होना है।

**पीसीएस 2024 के लिए शुरू हो चुकी है आवेदन प्रक्रिया :**
बाकी 150 पदों पर चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया जाना है। अगर आयोग 15 जनवरी तक अंतिम परिणाम घोषित कर देता है तो चयन प्रक्रिया आठ माह में ही पूरी हो जाएगी। उधर, पीसीएस-2024 के तहत 220 पदों पर भर्ती के लिए एक जनवरी 2024 से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही आयोग ने केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।आयोग के सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक परीक्षा मार्च में कराए जाने की तैयारी है। हालांकि, परीक्षा तिथि पर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। आयोग की ओर से वर्ष 2024 का कैलेंडर तैयार किया जा रहा है, जिसके जारी होने के बाद पीसीएस-2024 की प्रारंभिक परीक्षा की तिथि को लेकर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। अगर आयोग मार्च में परीक्षा करा देता है और पूर्व की भांति इस बार भी नौ माह में अंतिम परिणाम जारी करने का लक्ष्य निर्धारित करता है तो पीसीएस-2024 का परिणाम भी इसी वर्ष आ जाएगा और यह भी एक रिकॉर्ड होगा।
**एपीएस भर्ती के पहले चरण की परीक्षा आज :** अपर निजी सचिव (एपीएस) के 328 पदों पर भर्ती के लिए पहले चरण की परीक्षा सात जनवरी को प्रयागराज सहित प्रदेश के पांच जिलों में आयोजित की जाएगी। कुल 231 केंद्रों में सुबह 9:30 से दोपहर 12:30 बजे की पाली में होने वाली एपीएस परीक्षा-2023 के लिए 107750 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। यह परीक्षा प्रयागराज, कानपुर, मेरठ, लखनऊ और गोरखपुर में आयोजित की जाएगी। एपीएस के पदों भर्ती तीन चरणों की परीक्षा के माध्यम से की जानी है। तीनों चरणों की परीक्षा के अंकों को जोड़कर श्रेष्ठता के आधार पर चयन किया जाएगा।

# चलाये गये विशेष अभियान में ट्रेनों में चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए अपर पुलिस महानिदेशक (रेलवे) जय नरायन सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रेलवे एपी सिंह व पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रयागराज सुनीता सिंह के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रयागराज जीआरपी प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन उपाध्याय द्वारा गठित जीआरपी टीम प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर निगरानी कर रही थी। इसी चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर ही मजार साइड पूर्वी छोर जंक्शन बोर्ड के पास से इस शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जीआरपी टीम ने जब पूछताछ की तो उसने बताया कि वह ट्रेनों व रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों के सामान की चोरी करके अवैध तरीके से बेचता है।

**कौशांबी का रहने वाला है अभियुक्त**

जिस अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है वह कौशांबी जनपद के महमूदपुर मनौरी, थाना पिपरी का रहने वाला है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक जावेद खां, जीआरपी प्रयागराज व हेड कांस्टेबल संतोष कुमार यादव शामिल हैं। अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया गया है।

# एसीपी चिराग जैन ने चौकीदारों को बांटा कंबल धोती




**झूंसी।** एसीपी थरवई चिराग जैन ने रविवार को सरायइनायत थाना परिसर में बने महिला शौचालय का उद्घाटन फीता काट कर उद्घाटन किया तथा 32 चौकीदारों को कंबल व धोती वितरित किए। एसीपी थर ने चौकीदारों का कुशलक्षेम पूछा। उनसे उनके क्षेत्र के बारे में जानकारी ली। आईपीएस चिराग जैन ने चौकीदारों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों का बोध कराते हुए क्षेत्र की संवेदनशील सूचनाओं को थाना प्रभारी से साझा करने का दिशा निर्देश भी दिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राय सहित उप निरीक्षक राधाकृष्ण पांडेय, ऋतु राज सिंह, संजीव, कमरुद्दीन, शुभम शर्मा, आशा देवी, सुनीता, सुमन यादव, रणजीत सिंह, चौकीदार प्रेमचंद, शोभनाथ, हीरालाल, राजकुमार, बसंतलाल, दूधनाथ, भोला आदि मौजूद रहे।

**नव निर्मित महिला शौचालय का किया उद्घाटन**

# राम कथा हमें जीने की कला एवं संस्कार सिखाती है : महापौर गणेश केसरवानी

**सहसों।** श्री राम जानकी मंदिर सहसों के बागल चल रही नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के पांचवें दिन कथा व्यास मैहर धाम से पधारीं महामंडलेश्वर साध्वी माता अन्नपूर्णा ने प्रभु श्री राम के विभिन्न सुंदर जीवन को उतारने वाली एवं संस्कार सिखाने वाली प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि व्यक्ति के रोम रोम में प्रभु श्री राम का वास है। प्रभु श्री राम के आदर्श व उनके चरित्र, आदर्श व मयार्दा को आत्मसात करते हुए अपने जीवन को सफल बनाएं। कथा व्यास ने ताड़का वध, अहिल्या उद्धार तथा प्रभु श्री राम तथा माता जानकी की मिथिला के फुलवारी में मिलन के प्रसंग का सजीव वर्णन किया। इस अवसर पर प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के



वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि ने पहुंचकर भगवान की पूजा एवं आरती उतारी। इस अवसर पर महापौर ने कहा संतों का सत्संग एवं राम कथा हमें जीवन जीने की कला तथा संस्कार सिखाती है। उन्होंने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा अयोध्या में बन रहे श्री राम मंदिर तथा आगामी 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा में वर्षों के सनातनी लोगों की तपस्या सफल हुई है आज पूरा देश राम मय हो गया है। उन्होंने कहा बच्चों में भारतीय संस्कृति सभ्यता का समावेश करते हुए संगठित होकर शक्तिशाली राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर श्री रामचरितमानस सेवा समिति के अध्यक्ष व जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी ने व्यास पीठ द्वारा अतिथियों का स्वागत करते अंग वस्त्रम एवं श्री रामचरितमानस पुस्तक भेंट की। कथा विश्राम पर महापौर गणेश केसरवानी एवं समिति के अध्यक्ष आशीष केसरवानी सहित सभी भक्त श्रोताओं ने व्यासपीठ, मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान एवं मानस भगवान की आरती उतारी। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर पार्षद सियाराम मौर्य, भाजपा नेता चंद्रेश केसरवानी, सत्यम केसरवानी, उमेश केसरवानी, सूर्यकांत त्रिपाठी, श्रीकांत त्रिपाठी, नितिन तिवारी, जयेश केसरवानी, राजेंद्र केसरवानी, अक्षय केसरवानी, अनुज मिश्रा, जय प्रकाश शुक्ला, रामचंद्र, प्रहलाद मोदनवाल, प्रेम प्रजापति, जय किशन सोनी, विजय कुमार तिवारी एवं जगदीश केसरवानी सहित भारी संख्या में भक्तों ने कथा का रसपान किया।

## नाली के पानी को लेकर दो पक्षों में मार पीट दोनों ओर से कई जख्मी

**मऊआइमा।** नाली का पानी जाने को लेकर दो पक्षों में मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है। पुलिस ने दोनों पक्षों का उपचार करा रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के बडौरा गांव निवासनीय शशि देवी पत्नी स्वर्गीय दीनानाथ का आरोप है कि नाली के पानी को लेकर विपक्षी उसे और परिजनों को मार पीट कर लहुलुहान कर दिए। शशि देवी ने थाने में शिवकुमार, अशोक, संगीता अमरावती पर मार पीट का आरोप लगाई है।उधर दूसरे पक्ष के संगीता देवी पत्नी शिव कुमार का आरोप है कि उसे और उनके पति शिवकुमार तथा प्रतिभा को मारा पीटा गया है। संगीता ने सत्यम और शशि देवी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच करते हुए दोनों पक्षों के एक एक लोगों को थाने में बैठा कर जांच कर रही है। और घायलों का उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है।

## एक सप्ताह बाद खिली धूप, गलन से मिली थोड़ी राहत

**प्रयागराज।** कई दिनों शीतलहर और तेज बारिश के बाद रविवार को भगवान भास्कर के दर्शन हुए। इससे लोगों को सर्द और शीतलहर से कुछ राहत मिली। धूप तेज को नहीं रही, लेकिन बादलों के बीच धूप की झलक ने तापमान कुछ बढा दिया। हालांकि आसमान में बादल छाए रहे। मौसम पूवार्नुमानों की मानें तो अगले दो तीन दिन मौसम का मिजाज और भी बदलेगा और ठंड से लोगों को दो चार होना पड़ेगा। नौ जनवरी को भी बारिश होने की संभावना जाहिर की जा रही है। कोहरा तेज होने का अनुमान जताया रहा है।सुबह से आसमान साफ रहा। समय से धूप निकली। कई दिनों के बाद धूप के दर्शन ने लोगों को काफी राहत दी। कई दिनों की बारिश के चलते कपड़ों को सुखाने में दिक्कत हो रही थी। रविवार को धूप निकली तो लोग छतों पर नजर आए और कपड़े सुखाते देखे गए।

**ठंड को देखते हुए 10 तक स्कूल बंद**

ठंड, शीतलहर व कोहरे को देखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड के समस्त विद्यालयों को 6 जनवरी से बढ़ाकर 10 जनवरी तक के लिए बंद कर दिया है। वहीं इस आदेश को सख्ती के साथ पालने करने का निर्देश जारी किया गया है।

# महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित राजकीय गृहों का किया गया निरीक्षण

**प्रयागराज।** रविवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित राजकीय गृहों का निरीक्षण / भ्रमण माननीय कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता तथा माननीय न्यायमूर्ति डॉ योगेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा अपराहन 12.00 बजे किया गया। माननीय न्यायमूर्तिगण द्वारा सर्वप्रथम राजकीय बाल गृह शिशु के बच्चों से भेट कर उनका कुशलक्षेम पूछा, तत्पश्चात संस्था के कर्मचारियों से बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा तथा उनके लिए संचालित गतिविधियों की जानकारी ली गई।

बच्चों की प्रस्तुति को सराहा गया तथा उन्हे माननीय न्यायमूर्तिगण द्वारा अल्पाहार का वितरण किया गया। राजकीय बाल गृह बालिका व राजकीय महिला शरणालय में आवासित बालिकाओं एवं महिलाओं को दी जा रही सुविधाओं एवं प्रशिक्षण यथा योग, संगीत, सिलाई-कढाई, ज्वैलरी मेकिंग इत्यादि के संचालन की स्थिति की जानकारी ली गई तथा संचालित कार्यक्रमों से सन्तोष व्यक्त करते हुए इसे निरन्तर जारी रखने हेतु निर्देश दिये गये। बालिकाओं द्वारा स्वयं से बनाये गये वस्तुओं व




पेंटिंग का माननीय अतिथिगण द्वारा अवलोकन एवं प्रशंसा किया गया। माननीय न्यायमूर्तिगण द्वारा गृहों में उपलब्ध कराई जा रही खान-पान व साफ-सफाई की व्यवस्था से सन्तोष व्यक्त करते हुए इसे आगे भी बनाये रखने के निर्देश दिये गये। संस्था परिसर में संचालित किशोर न्याय बोर्ड एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का भ्रमण / निरीक्षण माननीय न्यायमूर्तिगण द्वारा किया गया। सहायक अधीक्षक, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर द्वारा माननीय अतिथिगण को संस्था में संचालित समस्त गतिविधियों से विस्तार में अवगत कराया गया। अतिथिगण द्वारा संचालित गतिविधियों एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं के प्रति सन्तोष व्यक्त किया गया तथा आवासित अपचारी किशोरों हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम यथा शीघ्र संचालित करने हेतु निर्देश दिये गये।संस्था भ्रमण के दौरान बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ अखिलेश मिश्रा द्वारा समय से मानदेय प्राप्त न होने की समस्या माननीय न्यायमूर्तिगण के संज्ञान में लाया गया, जिसका निस्तारण यथा शीघ्र किये जाने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही किशोर न्याय बोर्ड में न्यायिक मजिस्ट्रेट के लिए अतिरिक्त कक्ष व पिंक टायलेट की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। भ्रमण के दौरान रजिस्ट्रार जनरल, मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद राजीव भारती, संजय सिंह सदस्य सचिव, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, दिवाकर द्विवेदी ज्वाइंट रजिस्ट्रार / प्रजेन्टिंग ऑफिसर, किशोर न्याय समिति, मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद, अशोक श्रीवास्तव, अपर जिला जज, सुभाष चन्द्र मौर्या, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज, श्रीमती महिमा चौधरी, अधिवक्ता, गौरव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, सर्वजीत सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी व सस्थाओं के अधीक्षक, अन्य कर्मचारीगण एवं किशोर न्याय बोर्ड व बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष / सदस्यगण उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बेंदौ, वि.ख. करछना प्रयागराज

**टेण्डर/कोटेशन**

ग्राम पंचायत बेंदौ में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा / 15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेंदौ विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यों के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मों से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 08-01-2024 से दिनांक 22-01-2024 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/ टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्य दिवस में देखी जा सकती है, तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 23-01-2024 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर / कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 23-01-2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराहन तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | मंदिर से बाबूलाल के घर तक अंडर ग्राउंड नाली निर्माण कार्य, 100 मीटर | 4.50 लाख | 3 माह |
| 2. | मंदिर से बाबूलाल के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 3.50 लाख | 3 माह |
| 3. | इंटरलॉकिंग से महेश के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य 90 मीटर | 5.00 लाख | 3 माह |
| 4. | पक्की सड़क से कमलेश के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य एवं अंडरग्राउंड नाली निर्माण कार्य | 4.00 लाख | 3 माह |
| 5. | यादव बस्ती में राजेश के घर से नाला तक नाली निर्माण कार्य 100 मीटर | 4.00 लाख | 3 माह |

**संगीता देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बेंदौ**
**वि० ख० करछना प्रयागराज**

**दीपेश सिंह**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत बेंदौ**
**वि० ख० करछना प्रयागराज**

पत्रांक: मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2023-24 दिनांक : 07.01.2024

# आखिर नवजात बच्चियां कब तक बनती रहेंगी लावारिस लाशें

## बेटो की चाहत पर बेटियों की दी जा रही कुबार्नी, तालाबों व झाड़ियों में बेटियों के ही मिलते है शव

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आखिर इस कलयुगी मां की बेरहम दिल की वजह से नवजात बच्चियां कब तक लावारिस लाशें बनती रहेंगी। बेटों की चाहत के लिए लोग कब तक बेटियों की कुर्बानियां देते रहेंगे। आंगन की जगह तालाब व झाड़ियों में मिल रही है तुलसियां। भले ही लाशें उसकी हो लेकिन रोज एक इंसानियत की मौत हो रही है।

जरा सोचो बेटियों के बिना क्या सृष्टि आगे बढ़ सकती है? इस जगत में बेटो से कहीं अधिक महत्व बेटियों का है फिर भी कलयुगी इंसान भविष्य की एक मां, बहन के साथ ही एक पत्नी व बहू की हत्या करने में जरा सा भी संकोच नहीं कर रहा है। इस अपराध को कोई रोक सकता है तो सिर्फ वह है इंसान की सोच। जब तक लोग बेटियों के महत्व को नही समझेंगे तब तक तालाबों व झाड़ियों में उनके शव मिलते रहेंगे और पुलिस उन मासूमों के शवों को लावारिस में दफन करती रहेगी। वहीं एक जिंदा इंसान की इंसानियत रोज मरती रहेगी।

बेटियों को जिंदा रखना है, यह हमारी दुश्मन नहीं बल्कि दो कुल को जोड़ने की एक समाज के बीच की एक मजबूत कड़ी है। इस सोच को सभी को जिंदा रखना होगा। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे के प्रचार से कहीं अधिक उस पर अमल करने की जरूरत है।

### बेटियों के साथ हो रही घटनाएं दुर्भाग्यपूर्णः हल्लू राम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में एक छात्रा के साथ हुए दरिंदगी के साथ मामले में पट्टी के समाजसेवी हल्लू राम सुंदर यादव ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीं है वही बेटियों के साथ अपराध बढ़ता जा रहा है। गौरतलब है कि आईआईटी बीएचयू छात्रा से दरिंदगी के मामले में भारतीय जनता पार्टी के तीन पदाधिकारी पकड़े गए। भाजपा सरकार के पदाधिकारी होने पर मुद्दे को आड़े हाथों लेते हुए समाजसेवी हल्लू राम सुंदर यादव ने कहा कि भाजपा का नारा हवा हवाई है पार्टी के पदाधिकारियों की करतूत से पार्टी के चरित्र पता चलता है उन्होंने आरोपियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

### बढ़ती घटनाएं पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की नाकामी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बेटियों की भ्रूण हत्या के पीछे पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की भी नाकामी दिखाई देती है। नवजात शिशु के शव के पीएम के बाद हत्यारोपियों तक पुलिस जाना मुनासिब नहीं समझती है, मासूम के दफन के साथ फाइल भी दफन कर दी जाती है। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर शिकंजा न कसने की वजह से लोग पैसा के चक्कर में इंसानियत भूल कर भ्रूण के लिंग का खुलासा कर देते है। यही वजह है की बेटो की चाहत पर बेटियों की कुबार्नी दी जा रही है। हत्यारोपियों से ही अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर भी कार्रवाई संभव है। बता दें कि 27 सितंबर को लालगंजके घुइसरनाथ रोड स्थिति पेट्रोल पंप के पास झाड़ी में लगभग पांच माह की एक बच्ची का जीवित भ्रूण मिला था। उसकी इलाज के दौरान प्रयागराज में मौत हो गई थी। 20 दिसंबर को लीलापुर स्थित लोनी नदी के पास झाड़ी में लगभग छः माह की एक बच्ची का मृत भ्रूण मिला था। 4 जनवरी को बछवल स्थित एक तालाब में लगभग सात माह मृत एक बच्ची का भ्रूण मिला था।




पूरे बेदुआ में रामकथा कहते पंडित सीताराम नाम शरण महराज ।

### कलयुग का आधार है राम नाम जप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्रीराम का नाम जप ही इस कलयुग का मूल आधार है। इससे जो भी मनुष्य विरक्त है। उसका कल्याण नहीं। कथा वाचक पंडित सीताराम नाम शरण महराज ने शिव मंदिर पूरे बेदुवा में चल रही श्री राम कथा में प्रभु श्रीराम के गुणों की चर्चा करते हुए कहा कि यह शरीर एक दिन मिट्टी में मिल जायेगा। भगवान का स्मरण ही मुक्ति का मार्ग दिखाएगा। कथा में श्रद्धालु आस्था की गंगा में गोते लगाते दिखे। मुख्य संयोजक अजय त्रिपाठी, डाक्टर संजय त्रिपाठी, सुरेश पांडे, कल्लू, राहुल और सोमू समेत तमाम श्रद्धालु कथा की व्यवस्था की देखरेख में लगे हैं।

# अंधरीपुर ग्राम प्रधान से एक पत्रकार ने माहवारी पैसे की किया डिमांड

## गौशाला को जबरन खोलवाकर केयर टेकर को धमकी देते हुए बनाया गलत वीडियो

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंधरीपुर ग्राम प्रधान मनोज कुमार पटेल ने रविवार को नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी को दिये गये तहरीर मे शिकायत किया है कि अंतर्जनपदीय क्षेत्र के अपने को पत्रकार बताते हुए पांच जनवरी की सुबह लगभग 11 बजे मेरे अंधरीपुर गौशाला मे अपने कुछ साथियो के साथ आ धमके और गौशाला के केयर टेकर राम हर्ष पटेल पुत्र गयादीन से पत्रकार का रुआब दिखाते हुए जबरन गेट खुलवाया और अपने कैमरे से गलत वीडियो बनाया। और कहा क अपने ग्राम प्रधान से कह देना कि दस हजार रुपया माहवारी नही देंगे तो इसी तरह गलत बयान व वीडियो बनाकर खबर निकालेंगे। ग्राम प्रधान मनोज कुमार पटेल ने अंतर्जनपदीय पत्रकार गिरोह के तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दिया। अंतर्जनपदीय पत्रकार गिरोह के एक आरोपी को थाना प्रभारी बुलाकर पूछताछ् कर रही है। अंतर्जनपदीय पत्रकारों के खिलाफ तहरीर दिये जाने से हड़कंप मचा हुआ है। इस बाबत जानकारी करने पर थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि ग्राम प्रधान ने नामजद तहरीर दिया है जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

### एलएलबी में 10 व बीएड की परीक्षा में 13 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर के एमडीपीजी कालेज में चल रही एलएलबी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में आज रविवार को प्रथम पाली में 329 बच्चे पंजीकृत थे जिसमें से 319 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में बीएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में 330 छात्र पंजीकृत थे जिसमें से 317 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। यह जानकारी एमडीपीजी कालेज के प्रधानाचार्य प्रो0 मनोज मिश्र ने दी।

# गरीबों असहायों को ठंड से बचाने की हो रही कोशिश

## भीषण ठंड में कंबल व गर्म कपड़े क्लब का वितरण अभियान निरंतर जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा भीषण ठंड से गरीबों असहायो के लिए कंबल वितरण अभियान चलाया जा रहा है। क्लब के पदाधिकारी रात्रि में भ्रमण कर रेलवे स्टेशन प्रतापगढ़, चिलबिला स्टेशन आदि जगहो पर ठंड से सिकुड़ रहे लोगों को कंबल वितरण कर रहा है।



गरीब असहाय को कम्बल वितरित करते क्लब के पदाधिकारी।

क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्लब का कम्बल व गर्म कपड़े, स्वेटर, साल आदि वितरण कर गरीबों असहायों को भीषण ठंड से बचने की कोशिश की जा रही है। इसी क्रम में बेजुबान जानवरों को भी बोरे के कोट पहनाकर ठंड से बचाया जा रहा है। यह अभियान सभी सहयोगियों के सहयोग से किया जा रहा है। डॉ दयाराम मौर्य ने कहा कि भीषण ठंड में गरीबों असहायो एवं बेजुबान जानवरो आदि को कंबल, गर्म कपड़े व पशुओं को बोरे के कोट पहनाकर रोशनलाल उमरवैश्य ने मानवीय प्रमान की जितनी सराहना की जाए कम है। लोगों को प्रेरणा लेकर अभियान से जुड़ना चाहिए। इस अवसर पर डॉ0 दयाराम मौर्य, राजीव कुमार आर्य, संतोष कुमार, देवानंद, छेदीलाल, सूरज कुमार, पूनम गुप्ता, रेखा उमरवैश्य, अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, आदर्श कुमार,शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, विवेक कुमार आदि लगे हुए हैं।

# श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति ने बांटे पूजित अक्षत

## श्रीराम मंदिर का चित्र व पत्रक देकर किया संपर्क



लोगों को पूजित अक्षत देते समिति के पदाधिकारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति प्रतापगढ़ के संयोजकत्व में जिले के प्रत्येक गांव के प्रत्येक परिवार में राम भक्त अयोध्या से आया हुआ पूजित अक्षत, श्री राम मंदिर का चित्र एवं पत्रक लेकर संपर्क कर रहे हैं। बता दें कि सभी का यह अभियान जिले के सभी खंडो में तथा नगर में लगातार संपर्क अभियान जारी है। यह संपर्क अभियान 15 जनवरी 2024 तक लगातार चलता रहेगा। 16 जनवरी 2024 से 21 जनवरी 2024 तक प्रत्येक स्थान पर प्रभात फेरी निकाली जाएगी। 22 जनवरी 2024 को सभी राम भक्त, समाज के सभी लोग अपने-अपने निकट के मंदिर में भजन, कीर्तन, सुंदरकांड का पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ, विजय मंत्र का पाठ आदि आध्यात्मिक कार्यक्रम दिन में संपन्न करेंगे।

इस दौरान लोगों को अक्षत व पत्रक भी बांटा गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचार प्रमुख एवं श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा अभियान के जिला सहसंयोजक प्रभा शंकर पांडेय, जिला प्रचारक शिव प्रसाद, जिला कार्यवाह हेमंत, अभियान के जिला सहसंयोजक शिव शंकर सिंह, जिला सहसंयोजक महेश गुप्ता, सीतांशु, मुकेश कुमार, नीरज कुमार, शारदा, मान सिंह, रवि कुमार, अजय, सुभाष, कुलभास्कर, ज्ञानेश कुमार, ध्रुव, धीरज कुमार, सुमित, पीयूष, शिवकुमार सोनी, राजा, रामचंद्र आदि मौजूद रहे।

# रायपुर रोड पर पटरी निर्माण अधूरा

## जाम से जूझ रहे लोग विभाग उदासीन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी रायपुर रोड पर आए दिन जाम की समस्या से राहगीर और व्यापारी परेशान है, विभाग की तरफ से सीसी रोड का निर्माण तो कर दिया गया लेकिन उसके बाद पटरी बनाना भूल गए, अब ग्राहक सड़क पर ही अपने वाहन खड़े करके खरीदारी करना शुरू कर देते हैं, जिससे जाम स्थिति बन जाती है। लोग परेशान हो रहे हैं लेकिन विभाग उदासीन बना हुआ है।

पट्टी रायपुर रोड पर सीसी सड़क निर्माण का काम शुरू हुआ तो इस बात की उम्मीद थी कि अब लोगों को जाम से जूझना नहीं पड़ेगा। सीसी सड़क निर्माण कार्य के पूरा हुए एक महीने से अधिक समय हो गया लेकिन अभी तक पटरी निर्माण नहीं हो सका है, जिससे राहगीर व्यापारी और आमजन परेशान है। पटरी निर्माण न होने से जाम की समस्या ज्यो की त्यों बनी हुई है। एम्बुलेंस तो काफी देर तक फंसे रहते हैं। पट्टी चमन चैक से लेकर मेंन चैक तक कई स्थानों पर लोग समस्या से परेशान हो जाते हैं। व्यापारियों को कहना है कि जब तक पटरी निर्माण सुचारू रूप से नहीं हो जाता है तब तक जाम की समस्या बनी रहेगी अब देखना या होगा कि कब महकमा इस संबंध में पटरी निर्माण करता है और लोगों को कब जाम की समस्या से निजात मिलती है।

# बच्चा बैंक ने आरपीएफ को सौंपी रेल संपत्ति, मिली तारीफ

## सुर्खी साइडिंग की तरफ रेलवे पटरी के किनारे लावारिश मिला अग्निशामक यंत्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रेलवे पटरी के किनारे लावारिश पड़ा मिले ट्रेन में आग बुझाने के काम आने वाले अग्निशामक यंत्र को बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने रेलवे सुरक्षा बल को सौंप दिया। ग्रुप के इस कार्य से खुश होकर इंस्पेक्टर और पोस्ट के जवानों ने बच्चों की तारीफ की है। यह दूसरा मौका है जब ग्रुप के बच्चों ने रेल संपत्ति को नुकसान होने से बचाया है।

सुर्खी साइडिंग की तरह भंगवा गांव में बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप का फ्री स्टडी सेंटर संचालित है। दोपहर में किसी ट्रेन से फेंका गया अग्निशामक यंत्र सेंटर पर पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक को मिला। उन्होंने इसकी जानकारी सेंटर पर दी। इसकी सूचना आरपीएफ को दी गई। ग्रुप के छात्र यंत्र लेकर आरपीएफ थाने पर पहुंचे। इंस्पेक्टर के निर्देश उन्होंने यंत्र सहायक उप निरीक्षक सीपी दुबे को सौंप दिया। वहां मौजूद स्टाफ ने छात्रों की तारीफ की है। इसके पूर्व खोया हुआ ट्रेन लैंप भी छात्र आरपीएफ को सौंप चुके है। उस समय तत्कालीन इंस्पेक्टर सीपी मिश्रा ने छात्रों की हौंसला अफजाई की थी।पुरस्कृत भी किया था। यंत्र की कीमत हजारों में बताई जा रही है।



आरपीएफ को रेल सम्पत्ति देते बच्चा बैंक के बच्चे।

# डीएलएड द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डीएलएड के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं सोमवार आठ जनवरी से 13 जनवरी तक होंगी। इसके लिए बनाए चार परीक्षा केंद्रों में तैयारी पूरी कर ली गई है। परीक्षा पर्यवेक्षकों की निगरानी में होगी। इसे लेकर डायट के उप शिक्षा निदेशक अशोक कुमार सिंह ने डीआइओएस कार्यालय में केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की।

जिन चार कालेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया उनमें जीआइसी, जीजीआइसी, केपी कालेज एवं पीबी इंटर कालेज शामिल हैं। जीआइसी में उमेश कुमार, केपी कालेज में डा. राजेंद्र कुमार, जीजीआइसी में पूनम श्रीवास्तव व पीबी कालेज में गीता यादव को पर्यवेक्षक बनाया गया है। डायट के उपशिक्षा निदेशक ने बताया कि पहले दिन आठ जनवरी की परीक्षा सिर्फ एक पाली में 10 से 12 बजे तक होगी। जीआइसी में द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में 600 व चतुर्थ सेमेस्टर में 640,केपी इंटर कालेज में द्वितीय सेमेस्टर में 645, चतुर्थ सेमेस्टर में 680, जीजीआइसी में द्वितीय सेमेस्टर में 500, चतुर्थ में 530 तथा पीबी इंटर कालेज में द्वितीय सेमेस्टर में 600, चतुर्थ में 684 अभ्यर्थियों की परीक्षा होगी। परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में होगी। सभी केंद्र प्रभारियों को नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने को कहा गया है।



डीआईओएस कार्यालय में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारीगण।

# धूमधाम से मनाएंगे कपूर्री ठाकुर की 100वीं जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर जननायक थे। उनसे हमारे समाज को प्रेरणा मिलती है। सभी लोग एकजुट होकर 24 जनवरी को उनकी जन्मतिथि मनाएं। शोभायात्रा को सफल बनाएं। यह बात सैलून एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा नन्हें ने कैंप कार्यालय पर हुई तैयारी बैठक में कही। बताया कि कंपनी बाग से लेकर चैक भंगवा चुंगी होते हुए शोभायात्रा निकाली जाएगी। अध्यक्षता पूर्व प्रधान अशोक कुमार शर्मा ने की। कहा कि यह कार्यक्रम समाज की शक्ति को भी प्रदर्शित करेगा। मिलकर सफल बनाना है। बैठक में माताफेर शर्मा, शिवमणि शर्मा, राकेश कुमार, संतोष शर्मा, दीपक कुमार, अनीश सलमानी, अयोध्या प्रसाद शर्मा, दिनेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। पूरी रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में मौजूद सैलून एसोसिएशन के पदाधिकारीगण।

### चार आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ का मुकदमा

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिश को लेकर आरोपियों द्वारा पीड़ित की पिटाई को लेकर चार आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ तथा धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के वीरसिंहपुर निवासी ललन तिवारी के पुत्र दीपक तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहां है कि शनिवार को बगल के गांव बभनी पूरेअनिरुद्ध निवासी सुरेश सरोज व सोनेलाल तथा बबलू व लालजी सरोज ने उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने मना किया तो आरोपी उसे मारने पीटने लगे। पीड़ित जान बचाने के लिए घर के अंदर घुस गया, तो आरोपियों ने घर के अंदर भी घुसकर मारपीट शुरू कर दी।

# बाबा घुइसरनाथ धाम में रीवर फ्रंट के लिए मिली चालीस लाख की अवशेष धनराशि

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रयास से सई नदी तट पर निमार्णाधीन रिवर फ्रंट की करोड़ों की लागत की परियोजना के जल्द पूर्ण होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। वहीं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रस्ताव पर सांगीपुर भैरवन धाम के लिए सौंदर्यीकरण के लिये लाखों रुपए की कार्ययोजना को हरी झंडी भी मिली है। आगणन के पश्चात शासन इसके लिये एक करोड़ रुपए की अनुमानित धनराशि अवमुक्त करेगा।

जिले के सांगीपुर इलाके में स्थित पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से करोड़ों की पर्यटन से जुड़ी विकास की परियोजनाएं धाम की चमक लिए हुए हैं। विधायक मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी ने शासन में बाबा धाम में सई नदी तट पर मंदिर से पुल तक करोड़ों की लागत से खूबसूरत रीवर फ्रंट के तहत परियोजना शुरू कराई है। इस परियोजना के निर्माण कार्य के बीच परियोजना के अवशेष कार्य के लिए विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा शासन में शेष धनराशि अवमुक्त किए जाने को लेकर प्रयास जोर-शोर से किया गया। विधायक मोना के प्रयास से पहली जनवरी को शासन के अनुसचिव संजीव कुमार श्रीवास्तव की ओर से जारी शासनादेश में रीवर फ्रंट के निर्माण को पूर्ण कराए जाने के लिए 40 लाख रुपए की धनराशि अवमुक्त किए जाने का फरमान जारी कर दिया गया है। लाखों की शेष धनराशि अवमुक्त हो जाने के बाद अब शीघ्र ही बाबा धाम में सई नदी के तट पर लखनऊ के गोमती नदी पर बने रीवर फ्रंट की तरह श्रद्धालु यहां की खूबसूरती देख सकेंगे। इसी तरह क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में एक और प्राचीन शिव मंदिर भैरवन बाबा के लिए भी प्रयास रंग लाया है। पर्यटन विकास की परियोजना के बावत शासन की ओर से निर्गत परिपत्रों की जानकारी रविवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ला की ओर से जारी विज्ञप्ति में दी गई है।

# बदमाशों ने अधिवक्ता की छीनी बाइक, जांच में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय लालगंज दीवानी न्यायालय से घर जा रहे हैं अधिवक्ता की बाइक अज्ञात आरोपियों ने छीन ली। आरोपियों ने पीड़ित अधिवक्ता को शोर मचाने पर गाली गलौज के साथ जानलेवा धमकी भी दी। सारे शाम अधिवक्ता के साथ छिनैती की घटना को लेकर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। घटना की जांच में स्थानीय कोतवाली के साथ रविवार को जिले की एसओजी टीम को भी मस्कत करते देखा गया।

लालगंज कोतवाली के पूरे रामचंद्रर निवासी राम बहादुर सिंह के पुत्र आजाद कुमार सिंह अधिवक्ता है। वह शनिवार को दीवानी न्यायालय में कामकाज निपटाने के बाद अपने छोटे भाई विनीत सिंह की बाइक लेकर घर जा रहे थे। शाम करीब 7:30 बजे अधिवक्ता आजाद सिंह लालगंज-रामपुर बावली मार्ग पर जैसे ही अलका प्रमोद इंटर कॉलेज के पास पहुंचे कि पीछे से एक बाइक पर सवार अज्ञात चार आरोपी पीछे से ओवरटेक कर पीड़ित की बाइक जबरिया रुकवा लिए। आरोपी पीड़ित अधिवक्ता को गाली देने लगे। अप्रिय घटना की आशंका में पीड़ित शोर मचाते हुए बाइक छोड़कर भागा तो आरोपी गोली मार देने की धमकी देने लगे। पीड़ित अधिवक्ता जान बचाने के लिए खाई में कूद गया। तभी बदमाश उसकी बाइक लेकर रामपुर की तरफ फरार हो गए। अधिवक्ता की चिख पुकार सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर आ गए। जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस भी पहुंची। हालांकि पुलिस बदमाशों का घटना के दूसरे दिन रविवार को दोपहर बाद तक भी सुराग नहीं लगा सकी है। पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर लालगंज कोतवाली पुलिस के साथ जिले की एसओजी टीम भी जांच पड़ताल में मस्कत करती नजर आ रही है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर शनिवार की देर रात जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय भी कोतवाली पहुंचे। एएसपी ने कोतवाली पुलिस को घटना के खुलासे को लेकर कड़ा अल्टीमेटम भी दिया है। कोतवाली प्रभारी विजयकांत सत्यार्थी का कहना है की तहरीर मिली है, जांच कर जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# विशाल कलश यात्रा का आयोजन डीजे की धुन पर थिरके श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** सिराथू व्यापार मंडल के तत्वावधान में आज रविवार को नगर वासियों ने विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया इस कलश यात्रा में नगर के सैकड़ों महिला पुरुषों ने भाग लेकर जय श्री राम के नारे लगाए हैं कलश यात्रा नगर के मुख्य राहों से होकर गुजरी है इस शोभायात्रा में मुख्य रूप से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के छोटे भाई राजेंद्र कुमार मौर्य भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य सिराथू नगर पंचायत अध्यक्ष भोला यादव प्रशांत केसरी पूर्व जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन केसरवानी चिरौंजी लाल केशरवानी चंद्रिका प्रसाद पटेल विनय त्रिपाठी डॉ अंशु शुक्ला राहुल पांडे रजत केसरवानी मनीष केसरवानी सोमिल केसरवानी सहित सैकड़ो महिला पुरुष राम भक्त मौजूद रहे हैं। आज शाम संकट मोचन हनुमान मंदिर तिराहा में विशाल भंडारे का आयोजन होगा।आयोजकों ने बताया अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी को निर्धारित है उसी उपलक्ष्य में नगर पंचायत सिराथू में बृहत कार्यक्रम की रूप रेखाएं खींची गई हैं 5 जनवरी से 15 जनवरी तक अक्षत आमंत्रण पत्रक वितरण,15 जनवरी से 21 जनवरी प्रभात फेरी जन जागरण अभियान व 18 जनवरी से 21 जनवरी हर घर ध्वज अभियान का आयोजन होगा।



## 20 घंटे लेट चल रही भरवारी और सिराथू में आज से रुकने वाली लोकमान्य तिलक टर्मीनल से कानपुर जाने वाली स्पेशल ट्रेन

**कौशाम्बी।** सांसद विनोद सोनकर की पहल पर जनपद के भरवारी और सिराथू रेलवे स्टेशन पर आज 7 जनवरी से रुकने वाली लोकमान्य तिलक टर्मिनल मुंबई से कानपुर जाने वाली 04152 स्पेशल ट्रेन पहले दिन ही लगभग 20 घंटे लेट चल रही है,यह स्पेशल ट्रेन अब आज नही बल्कि 8 जनवरी को सुबह 8 बजे के बाद आएगी।कौशाम्बी के लोगो को मुंबई के लिए सीधे ट्रेन की सौगात सांसद विनोद सोनकर के प्रयास से रेल मंत्रालय ने भरवारी और सिराथू रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज का आदेश दिया है,कानपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल मुंबई जाने वाली 04151 और लोकमान्य तिलक टर्मिनल मुंबई से कानपुर वापस आने वाली स्पेशल ट्रेन 04152 का स्टॉपेज आज 7 जनवरी से रेलवे की वेबसाइट पर लिस्टेड जो गया है। जिसके बाद आज 7 जनवरी को पहली बार लोकमान्य तिलक टर्मिनल मुंबई से कानपुर जाने वाली स्पेशल ट्रेन का स्टॉपेज भरवारी और सिराथू रेलवे स्टेशन पर होना था,लेकिन यह स्पेशल ट्रेन शनिवार 6 जनवरी को शाम को 5.15 बजे चलने वाली थी लेकिन यह मुंबई से ही लगभग 8 घंटे से अधिक लेट चली है और आज 7 जनवरी को दोपहर में 1.15 बजे रुकने वाली इस ट्रेन की रफ्तार पर ब्रेक लगा हुआ है और रेलवे की वेबसाइट पर यह ट्रेन अब 8 जनवरी को सुबह 8 बजे के बाद आना दिखा रहा है।जिसके चलते इस ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों में निराशा देखी जा रही है।


### हम कारसेवकों को भूल गई बीजेपी

# ...जब मानपत्र दिखाकर कार सेवक का छलक उठा दर्द

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कड़ा निवासी कार सेवक राम जी मौर्य पुत्र स्व . राजाराम मौर्य ने कहा अयोध्या न जा पाने का मलाल है लेकिन मेरा सपना सच हो रहा है इससे बड़ी खुशी और नहीं हो सकती मुझे याद है जब हम आठवीं में पढ़ रहे थे कड़ा क्षेत्र से सैकड़ों का जत्था पैदल ,साइकिल से अयोध्या को रवाना हुआ गंगा नदी पार कर कुंडा पहुंचने पर प्रत्येक नाका पर लगी पुलिस ने काफिला रोक दिया कुछ राम के जुनूनी पैदल भाग लिए उनमें से हम भी थे पैदल ,किसी के साइकिल सहारे चल दिए विशूई नदी डोंगी से पार कर हफ्तों पैदल चल कर अयोध्या पहुंचे अयोध्या में लाखों कार सेवक मर मिटने को तैयार बैठे थे बाबरी मस्जिद विध्वंस हो गया हम तो प्रत्यक्ष दर्शी थे कई सिर गोलियों से छलनी हो गए थे, खोपड़ी उड़ गई थी,चप्पल जूतों का पता नहीं कितने पड़े थे गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी कितने गिरफ्तार हुए कितनो ने अपने आराध्य के लिए प्राणों की आहुति दे दी बता नहीं सकते। बाबरी विध्वंश के सप्ताहों बाद पैदल भागते घर पहुंचे थे एक सुकून था कि हम कार सेवक अपने मकसद में कामयाब हुए। एक टीस जरूर खलती है उस वक्त भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने जो मान पत्र दिया था। कार सेवा हेतु अयोध्या जाने का जोश भरा था अब केवल बड़े लोगों और रईसों का सम्मान होता है, हम जैसे लाखों कारसेवकों को भुला दिया गया।

**अयोध्या आंदोलन की कहानी कारसेवक की जुबानी**



## जमीनी विवाद में व्यक्ति पर कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला



**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के सुकवारा ग्राम सभा में प्राथमिक विद्यालय के बगल में खरीदी गई जमीन में लगे पेड़ को भी विपक्षियों ने काट दिया था जिस पर व्यक्ति ने विरोध किया इसी बात को लेकर के आधा दर्जन लोगों ने व्यक्ति पर प्राण घातक हमला कर दिया है जिससे उसे गंभीर चोटें आई है घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया मामले की सूचना पुलिस को दी गई है विवादित जमीन का मुकदमा अदालत में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के सुकवारा गांव निवासी मुकेश मिश्रा पुत्र रामराज मिश्रा ने प्राथमिक विद्यालय सुकवारा के बगल में एक जमीन खरीद रखी थी जमीन में विवाद होने के बाद मामला अदालत तक पहुंचा जो विचाराधीन है मुकेश मिश्रा की जमीन का पेड़ दबंगों ने काट दिया पेड़ काट दिए जाने के बाद मुकेश मिश्रा ने विपक्षियों से उलाहना देते हुए कहा की इस जमीन का मुकदमा चल रहा है इसका पेड़ तुम क्यो काटे हो अभी पुलिस से शिकायत करते है इतने मे चारो आरोपी पूरा परिवार सहित निहत्थे अकेले व्यक्ति मुकेश पर जान लेवा प्राण घातक हमला कर मरणासन्न कर दिया जिससे उसे गंभीर चोटे आई हैं आरोपियों में विद्यासागर सिंह, शिवसागर सिंह , गंगासागर सिंह धनंजय सिंह आदि शामिल है जो हमले के बादसे फरार हो गए हैं।

# जिले में 25 हजार नशेड़ी पीते हैं प्रतिदिन गांजा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** गांजे का अवैध कारोबार बीते चार दशक से कौशांबी की धरती में दिनों दिन बढ़ता जा रहा है योगी सरकार और पुलिस अधिकारियों के बार-बार संगठित अपराध पर रोक लगाने के आदेश के बाद भी कौशांबी जिले में गांजे के अवैध कारोबार पर रोक लगती नहीं दिख रही है आबकारी बिभाग भी इस बात को स्वीकार करते हैं कि अन्य नशे की तुलना में गांजा का नशा सस्ता पड़ता है जिससे गरीब लोग गांजा पीकर अपनी नशे की आदत की पूर्ति करते हैं बेबाक तरीके से आबकारी बिभाग का मानना है कि जिले में लगभग 25 हजार लोग प्रतिदिन गांजा पीते हैं लेकिन जब उनसे इस बारे में सवाल किया गया कि इन्हें गांजा कौन देता है तो उन्होंने बेबाक तरीके से कहा कि सब कुछ खुलेआम दिखाई पड़ रहा है आप सब कुछ जानते हैं और इस सवाल के उत्तर पर वह मुस्कुराते हैं जिले में जिन्हें पहले भांग का ठेका दिया गया था बाद में उनके ठेके निरस्त हो गए हैं भाग के 23 ठेके है लेकिन डेढ़ दर्जन बन्द ठेकों में भी गांजे की बिक्री बेखौफ तरीके से हो रही है आबकारी टीम पूर्व के भांग के ठेके में बिक रहे गांजे की बिक्री को नहीं रोक पा रहे हैं इसके अलावा भी कई दर्जन अन्य स्थानों पर बेखौफ तरीके से खुलेआम गांजे की बिक्री दुकान सजाकर हो रही है लेकिन उसके बाद आबकारी टीम गांजे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में अपने को अक्षम असहाय महसूस कर रही है जिससे गांजे का व्यवसाय खुलेआम बेखौफ तरीके से कौशांबी की धरती पर तेजी से अपनी जड़े जमा चुका है गांजे के बदनाम धंधे से जुड़े लोग देखते-देखते मालामाल हो गए हैं लग्जरी वाहनों में घूमते हैं नेताओं के आगे पीछे लगे रहते हैं करोड़ों में खेलने वाले गांजा माफिया अक्सर आबकारी कार्यालय में घण्टो गुफ्तगू करते देखे जाते हैं और कार्यालय में इनका बड़ा सम्मान होता है गांजा माफियाओं से आबकारी अधिकारी और उनके टीम के क्या रिश्ते हैं यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन उसके बाद भी शासन प्रशासन ने गांजा माफियाओं से आबकारी अधिकारी और उनकी टीम के रिश्ते की अभी तक उच्च स्तरीय जांच नहीं कराई है जिससे सब कुछ बेखौफ तरीके से संचालित हो रहा है गांजा माफियाओं को बेनकाब करने की जरूरत है छोटे-छोटे मामले में पुलिस गांजा बरामद की कार्यवाही कर रही है लेकिन बड़े कारोबारी पर पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग का चाबुक चलता नहीं दिख रहा है जिससे गांजे के अवैध कारोबार में लगे गाँजा माफियाओं के कारनामों पर रोक लगती नहीं दिख रही है जो आबकारी विभाग के अफसर और उनकी टीम के निष्ठा पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है जिले में तेजी से गांजा पीने के शौकीनों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है उससे बड़ी चिंता का विषय यह है कि आबकारी अधिकारी भी गांजा पीने वालों के आंकड़ों से बखूबी परिचित होने के बाद भी रोक लगाने को कतई तैयार नहीं है इलाके के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अवैध तरीके से गांजे के कारोबार पर रोक लगाकर माफियाओं और आबकारी विभाग के रिश्ते को बेनकाब करने की मांग की है।

**गांजा के अवैध कारोबार पर रोक लगाने पर आबकारी बिभाग ने खड़े कर दिए हाथ**

**छोटे-छोटे मामले में पुलिस गांजा बरामद की कार्यवाही कर रही है लेकिन बड़े कारोबारी पर पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग का चाबुक चलता नहीं दिख रहा**



### न्यूज झरोखा

## प्रभाकर अध्यक्ष व चन्द्र कान्त शुक्ल जिला मंत्री पद पर पुनः निर्वाचित

**कौशाम्बी** श्री दुर्गा देवी इन्टर कालेज ओसा में 7 जनवरी 2024 को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद कौशाम्बी का निर्वाचन सकुशल सम्पन्न हुआ निर्वाचन अधिकारी आलोक शुक्ल जिला अध्यक्ष फतेहपुर के कुशल नेतृत्व में निर्वाचन सम्पन्न हुआ जिसमें निर्वाचित पदाधिकारियों एवम् कार्यकारिणी सदस्य के नाम निम्नवत हैं। जिला अध्यक्ष प्रभाकर द्विवेदी जिला मंत्री चन्द्र कान्त शुक्ल जिला उपाध्यक्ष सभा शंकर पांडे विजय प्रताप सिंह पुष्कर पांडे श्रीकांत मिश्र कुलदीप कुमार जिला संयुक्त मंत्री राजेश कुमार देव शंकर ओझा शिवभूषण सिंह धनंजय मिश्रा सलिल कान्त त्रिपाठी जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार यादव आय व्यय निरीक्षक राजमणि त्रिपाठी कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र कुमार पांडे कमल नयन मिथिलेश प्रसाद सिंह राजेश सिंह यादव रणविजय वर्मा प्रशांत कुमार त्रिपाठी राजमणि पांडे सत्येंद्र कुमार पाठक महिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता पांडे एवं महिला संयुक्त मंत्री श्रीमती आलिया बी निर्वाचित घोषित हुए इस अवसर पर फतेहपुर जिला अध्यक्ष आलोक शुक्ला एवं उनके सहयोगी अतुल यादव ने संगठन को दिशा एवं धार देने के लिए शिक्षकों का आवाहन किया शिक्षक एकता के लिए एवं जनपद स्तर पर शिक्षकों के कार्य संपादन के लिए सभी शिक्षकों ने एवं पदाधिकारी ने एक साथ एकत्र होकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार व कार्यों के प्रति विलंब पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी के समर्थन के साथ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने की भी चेतावनी दी है।




## भारतीय सनातन संस्कृति के प्रसार से विश्व में खत्म होगा आतंकवाद और युद्ध का माहौल : अवधेश नारायण शुक्ला

**मूरतगंज ब्लॉक के जलीलपुर में आयोजित हुई बैठक, कार्यक्रम में मौजूद रहे सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता**



**कौशाम्बी।** भारत में सनातन संस्कृति फलफूल रही है जहां पर ऐसे धर्म जो पूरे विश्व में खत्म हो चुके हैं, वह भी मजबूती से रह रहे हैं और जीवित हैं। यही भारतीयों संस्कार है कि आज यहां पारसी, बौद्ध, जैन, यहूदी सभी धर्म पूरी इच्छा के अनुसार अपने धार्मिक रीति-रिवेजों का पालन कर रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति जिसकी पहचान है उसके मूल्य का पूरे विश्व में प्रचार प्रसार किया जाए और यही एक तरीका है जिससे विश्व में आतंकवाद को खत्म कर शांति की स्थापना की जा सकती है। उक्त बातें हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने मूरतगंज विकासखंड के जलीलपुर गांव में आयोजित बैठक के दौरान कही। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिले में आज भी चंगाई सभाएं चल रही है और जिले में कई जगह लैंड जिहाद की घटनाएं भी सामने आ रही हैं हिंदू बहन बेटियों को प्यार के जाल में आपरेशन लब जेहाद के जरिए फसाया और शिकार बनाया जा रहा है। जिस पर जिला प्रशासन द्वारा रोक लगाने को कठोर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। इस ओर चेतावनी देते उन्होंने कहा कि यदि इस ओर कठोर कार्रवाई नहीं की जाएगी तो हिंदू जागरण मंच विरोध करने को तैयार है। इस मौके पर प्रमुख रूप से यशवन्त यादव, शिवम् पाण्डेय, सर्वेश पटेल, चन्द्र किशोर, प्रकाश दुबे, अमित मिश्रा, दीपक मौर्य, शुभांशू, अनिल कुमार, राहुल, राम दुलारे, राजेंद्र, संजय बाबू, अंकित, धीरेन्द्र पटेल, संजय पाल, प्रमोद कुमार, शिव लाल, राजेन्द्र, राजू सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अथक टीम ने गरीबों में बांटे गर्म कपड़े



**कौशाम्बी।** जिले में गरीबों, असहायों को ठंड से बचाने के लिए अथक ग्रामीण जन सेवा समिति की टीम ने ने भरवारी कस्बे में रेलवे क्रासिंग पर मुफ्त गर्म कपड़े वितरित करने का कैंप लगाया है, इस कैंप मे लोगों के घर में प्रयोग में नही लाए जाने वाले कपडे ,स्वेटर आदि को एकत्रित कर निर्धन एवम असहाय लोगो को वितरित किया गया।भीषण ठंड मे जहां भरवारी के लोगो ने अपने घरों पर प्रयोग में नही लाए जाने वाले कपड़े को स्वयं अथक टीम के कैंप पर पहुंचाया और लोगों की मदद को आगे आए, वही ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों के गर्म कपड़े पाकर चेहरे खिल गये ।कैंप में एकत्रित कर रखे हुए कपड़े पाकर गरीबों ने अथक ग्रामीण जन सेवा समिति के कार्यकताओं के कार्यों को जमकर सराहा। संस्था के उपाध्यक्ष प्रशांत पांडेय ने कहा हमारी संस्था ने न सिर्फ कपडे वितरण का अनूठा कार्यक्रम किया बल्कि प्रत्येक रविवार गंगा घाट की सफाई,ब्लड डोनेट व अस्पताल मे मरीजों को फल वितरण का कार्य भी किया है ।हमारा उद्देश्य हर वर्ग के चेहरे पर मुस्कान का प्रयास है इसके पहले संस्था के पहले अध्यक्ष एस आई वीरेन्द्र त्रिपाठी निःशुल्क शिक्षा भी देते थे इस मौके पर संस्था के पदाधिकारी शानू कुशवाहा ,राज गुप्ता,आकाश श्रीवास्तव,लक्ष्मी नारायण,मोहित सोनी,गुलशन कुमार,अंबर केसरवानी,विजय प्रकाश, सहित तमाम सदस्य मौजूद रहे।

## कनैली - भखंदा मार्ग का क्रमिक अनशन खत्म

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के कनैली मेला स्थान पर कनैली - भखंदा मार्ग को लेकर लोगों के द्वारा किए जा रहे क्रमिक अनशन को अपर पुलिस अधीक्षक व उपजिलाधिकारी चायल द्वारा ग्राम कनैली मेला मैदान धरना स्थल पहुंचकर चल रहे क्रमिक धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाया गया एवं प्रदर्शनकारियों को समझा बुझाकर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया गया।

## स्मार्ट फोन से छात्राएं बनेंगी तकनीकी सक्षम, विश्वनाथ प्रसाद डिग्री कॉलेज में 217 को मिला स्मार्टफोन

**कौशाम्बी।** जिले के विश्वनाथ प्रसाद डिग्री कॉलेज मूरतगंज में छात्राओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए शासन द्वारा आया हुआ स्मार्टफोन का वितरण किया गया,स्मार्टफोन पाकर छात्राओं के चेहरे खिल गए।स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष शिवमोहन मौर्य उपस्थित रहे,इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राएं देश के भविष्य के निमार्ता हैं जिसका प्रारंभ अच्छे संस्कार और शिक्षा से होता है प्रदेश सरकार ने छात्रों के अध्ययन को सुगम बनाने के लिए यह कदम उठाया है,छात्राओं को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा निशुल्क स्मार्टफोन प्रदान किए गए हैं। छात्राओं से कहा कि स्मार्टफोन का सदुपयोग करें अपनी शिक्षा को बेहतर बनाएं वही प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश जायसवाल ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि तकनीकी ज्ञान के प्रमुख बिंदुओं और वर्तमान समय में इसकी आवश्यकताओं से परिचित तथा इसके प्रभाव को बताया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आधुनिकीकरण तकनीकी और डिजिटल का जमाना आ गया है,वर्तमान शिक्षा प्रणाली में यह स्मार्टफोन अहम भूमिका निभाएगा, वही स्मार्टफोन के माध्यम से आप सभी शिक्षा से जुड़ी जानकारी को प्राप्त कर सकते हैं।इस दौरान दौरान कालेज के प्रबंधक ने उपस्थित अतिथियों एवं लोगों का आभार प्रकट किया इस मौके मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला को ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष शिवमोहन मौर्य, राम नरेश पासी जिला पंचायत सदस्य, विश्वनाथ डिग्री कॉलेज के प्रबंधक रामबाबू केसरवानी, सुनील केसरवानी, हरिओम केसरवानी ,हर्षित केसरवानी, गोलू सिंह, अमर सिंह मीता विश्वास, संजय कुमार , राजेश मिश्रा, ज्ञानेंद्र शर्मा, रवि यादव , जितेंद्र प्रजापति, हीरालाल साहू, भीम तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।



## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की मनौरी इकाई की प्रथम बैठक हुई संपन्न

**मनौरी कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के बैनर तले कौशाम्बी जिलाध्यक्ष प्रवेश केसरवानी ,युवा जिलाध्यक्ष अरविंद केसरवानी के कुशल निर्देशन में मनौरी नगर इकाई की नवगठित युवा व्यापार की एक बैठक आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता सुधीर कुमार केसरवानी (तहसील प्रभारी चायल )ने किया और बैठक का संचालन युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकित कुमार केसरवानी ने किया शनिवार को मनौरी नगर में बैठक में मौजूदा समस्याओं के निस्तारण पर चर्चा की गई और प्रभारी को अवगत कराया गया कुछ समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रभारी ने फोन द्वारा संबंधित लोगो को निर्देशित किया युवा व्यापार मंडल मनौरी के प्रथम मासिक बैठक में निम्न समस्याओं पर प्रकाश डाला गया। पार्क का सुंदरीकरण व ओपन जिम की व्यवस्था पुल पर हाईमास्क लाइट बार बार खराब होती है ज़िम्मेदार नही लेते खबर पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई सड़क को लिंक मार्ग को सही से नही जोड़ा गया मनौरी से चिल्ला मार्ग रामबलि साइकिल वाले के बगल से जाने वाली रोड नगर से जनका लिंक मार्ग मनोज केशरवानी के बगल नगर से चरवा होते हुए मुख्यालय मार्ग इन मार्गो को मिट्टी डाल कर जोड़ा गया जो गलत है नगर में सफाई और कूड़े का निदान के विषय को भी मुख्यतः से रखा गया इस बैठक में मुख्य रूप से युवा व्यापार मंडल के अंकित केसरवानी (अध्यक्ष), अंकुश केसरवानी(महामंत्री), अनूप केसरवानी (महामंत्री), विपिन केसरवानी (महामंत्री), शरद केसरवानी कोषाध्यक्ष,शिवम केसरवानी मीडिया प्रभारी, अमन केसरवानी उपाध्यक्ष,शुभम गुप्ता उपाध्यक्ष,पंकज केसरवानी उपाध्यक्ष, मोहन लाल केसरवानी उपाध्यक्ष, हिमांशु केसरवानी उपाध्यक्ष, निखिल केसरवानी उपाध्यक्ष, गौरव केसरवानी उपाध्यक्ष, मनीष कुमार केसरवानी मंत्री, महेंद्र केसरवानी मंत्री, पीताम्बर केसरवानी मंत्री,मनीष केसरवानी मंत्री,रवि गौतम मंत्री,अमित कुमार संगठन मंत्री,मनीष गुप्ता संगठन मंत्री,सोनू केसरवानी संगठन मंत्री,धीरज शर्मा संगठन मंत्री, पवन केसरवानी संगठन मंत्री, शुभम गुप्ता संगठन मंत्री,विपिन केसरवानी संगठन मंत्री आदि लोग मौजूद रहे।



## अंतरराष्ट्रीय मीडिया महासंघ में पत्रकारों को किया गया सम्मानित



**कोखराज कौशाम्बी।** मूरतगंज क्षेत्र के लक्ष्मी गेस्ट हाउस में अंतरराष्ट्रीय मीडिया महासंघ के बैनर तले रविवार को क्षेत्र के सैकड़ो पत्रकारों को शाल और प्रशस्ति प्रमाण पत्र शील्ड देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य के बारे में निरंतर बढ़ते रहने की कामना की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता नसीम ने किया है इस मौके पर विधायक पूजा पाल कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष शिवमोहन मौर्य ने पत्रकारों के विषय में विचार व्यक्त किया है पत्रकारों के इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भविष्य में भी यह कार्य निर्भीकता की ओर निरंतर चलता रहे कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारिता समाज का चौथा स्तंभ है जो समाज को आईना दिखाता है और लोगों के प्रति सच्ची लेखनी के द्वारा समाज को सच्ची दिशा और दशा देते हैं पत्रकारों की कलम समाज में परिवर्तन की क्षमता रखती है शिव मोहन मौर्य व चायल विधायक पूजा पाल ने सभी पत्रकारों को सम्मानित किया इस मौके पर विष्णु सोनी,अजीत कुशवाहा ,अनिल कुमार,राकेश दिवाकर,नरेंद्र यादव,पप्पू केशरवानी,सहित सैकड़ों पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

# अभियुक्तों के ऊपर पुलिस ने गिरोह बंद अधिनियम का दर्ज किया मुकदमा

**करारी कौशाम्बी** करारी थाना क्षेत्र में भैंस चोरी कर गलत तरीके से धन अर्जित करने वाले अभियुक्तों के ऊपर पुलिस ने पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज किया था अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने गिरोह बंद अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अभियुक्त 1. रईस पुत्र नहीर 2. फिरोज पुत्र जहीर 3. नियाज पुत्र जहीर निवासी गण तुतीर्पुर थाना करारी 4 मो0 अनस पुत्र अनीस निवासी रानीपुर थाना सराय अकिल 5. गुडू पुत्र तुफान निवासी नयापुरवा रहीमपुर मौलानी धाना करारी का एक संगठित गिरोह है। इस गिरोह का गैंगलीडर रईस पुत्र नहीर निवासी तुतीर्पुर थाना करारी है तया इसके सक्रिय सदस्य फिरोज पुत्र जहीर व नियाज पुत्र जहीर निवासी गण तुतीर्पुर थाना करारी व मो०अनस पुत्र अनीस निवासी रानीपुर थाना सरायअकिन व गुडू पुत्र तुफान निवासी नयापुरवा रहीमपुर मौलानी थाना करारी है जो स्वयं तथा अपने गिरोह के सक्रिय सदस्यों के साथ मिलकर अपने तथा अपने गिरोह के सदस्यो के आर्थिक भौतिक दुनियायी लाभ के लिए भा.द. वि. के अध्याय 16.17 में वर्णित अपराधो को करने के अभ्यस्त अपराधी है। इस गैग के गैग लोडर व अपने सक्रिय सदस्यो के द्वारा कृष्णा पुत्र कुद्दा निवासी लक्ष्मणपुर थाना करारी की 06 भैस व 01 भैसा दिनाक 2.7.2022 की बीती रात में चोरी कर ले गए थे जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 206/22 धारा 379 भादवि0 धजीकृत किया गया था विवेचना से अभियुक्त गण उपरोक्त का नाम एकास में आया था जिससे धारा 379/411/413/429 भादमि० व 11 घ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम में दिनांक 15.12.2022 को आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया है। तथा दिनाक 4.3.2016 गैंग लीडर रईस उपरोक्त के द्वारा 11 राशि बहिया व राति बहडे यध करने हेतु ले जाने की तैयारी के समय 30नि0 अनिल वर्मा द्वारा मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर उक्त गोवशीय पशुओं कसे बरामद किया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु०अ०म० 62/16 धारा 3/5/8 गोवध अधि० व 11 च पशु क्रूरता अधि० का अभियोग पंजीकृत किया गया था। बाट विवेचना विवेचक द्वारा मुकदमा उपरोक्त में दिनाक 18.11.2016 को आरोप पत्र स० 219/16 न्यायालय प्रेषित किया गया था जो विचाराधीन न्यायालय है। तथा दिनाक 25.8.2016 को गैग लीडर रईस व अपने सक्रिय सदस्य नियाज उपरोक के द्वारा सात गाय व 02 राशि बछिया व 01 राझि यछडा वध करने हेतु ले जाने की तैयारी के समय त्वउढ सुबेदार सिंह के द्वारा मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर बरामद किया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 301/16 धारा 3/8 गोवध निवारा अति० व 11च पशु क्रूरता अधि० का अभियोग पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक में बाद विवेचना विवेचक द्वारा आरोप पत्र स0 209/16 दिनाक 2.11.2016 को आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था जो विचाराधीन न्यायालय है गिरोहबंद अधिनियम के तहत पुलिस ने अभियुक्तों के बिरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

### सराय अकिल पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

**कौशाम्बी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 अभिषेक गुप्ता मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 507/23 धारा 493/ 323/ 504/ 506/ 427 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त महताब अहमद उर्फ महताब अहमद सिद्दीकी पुत्र वाक्कीर उर्फ इलियास निवासी पदूमनाथ उर्फ सुरसेना थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को सरइया पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

संपादक की कलम से

## शर्मिला के कांग्रेस प्रवेश के होंगे दूर

पहले कर्नाटक फिर तेलंगाना में चुनावी सफलताएं हासिल करने के बाद अब दक्षिण भारत के एक और महत्वपूर्ण राज्य आंध्रप्रदेश में कांग्रेस के हाथ बड़ी बाजी लगी है जब वहां वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की संस्थापक वाईएस शर्मिला ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया है। वे आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी और वहां के वर्तमान मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की बहन हैं। गुरुवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी आदि की उपस्थिति में कांग्रेस में प्रवेश करने वाली शर्मिला ने ही 2012 में जगन मोहन की अनुपस्थिति में अपनी मां के साथ अपनी पार्टी की कमान सम्हाली थ। बाद में भाई को प्रदेश की सत्ता में बैठाने की वे ही सूत्रधार थीं।

2019 के विधानसभा चुनाव में जगन मोहन की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी को 175 सीटों वाली विधानसभा में 151 निर्वाचन क्षेत्रों में सफलता मिली थी। 2021 में शर्मिला ने वाईएसआर तेलंगाना पार्टी बना ली थी। आंध्र प्रदेश के साथ अलग हुए तेलंगाना में भी उनकी पार्टी की उपस्थिति तो है परन्तु पिछले साल नवम्बर में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने हिस्सा नहीं लिया था जिससे कांग्रेस की विजय आसान हो सकी।

शर्मिला का कांग्रेस में शामिल होना केवल इसलिये महत्वपूर्ण नहीं है कि उन्होंने भाई से अलग राह पकड़ी। उसकी महत्ता इस लिहाज से आंकी जानी चाहिये कि उन्होंने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की तत्कालीन सरकार को भ्रष्ट बतलाया था। राव सरकार को भ्रष्टाचार के मामले में कोसने के बाद यदि शर्मिला कांग्रेस में शामिल होती हैं तो वे कांग्रेस को अप्रत्यक्ष रूप से साफ छवि का बतला रही हैं। याद हो कि शर्मिला ने राव सरकार के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्यव्यापी प्रदर्शन किये थे। उनकी गिरफ्तारी भी हुई थी।

माना जाता है कि उनके कार्यकताओं ने पिछले तेलंगाना चुनावों में कांग्रेस को परोक्ष रूप से मदद भी की थी। इससे दोनों दलों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने भी शर्मिला की पार्टी के कांग्रेस में विलय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस राज्य में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी को टक्कर देने में तेलुगू देशम पार्टी एवं जन सेना को कामयाबी नहीं मिल पाई है। इस लिहाज से देखें तो शर्मिला का कांग्रेस में शामिल होना और उसे एक नेता और वाईएसआर तेलंगाना पार्टी का पूरा का डर भी मुहैया करायेगा। इससे कांग्रेस के जनाधार में बड़ा विस्तार होगा जो इस वर्ष जून में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के पूरे परिदृश्य को बदलकर रख सकता है।

हालांकि यह कहना अभी थोड़ी जल्दबाजी होगी कि क्या इस चुनाव में भाई-बहन मुख्यमंत्री पद के परस्पर दावेदार होंगे। यह निर्भर करेगा कि कांग्रेस की ओर से उन्हें किस तरह की जिम्मेदारियां मिलती हैं और उन्हें पार्टी किस रूप में प्रोजेक्ट करती है। यह भी देखना होगा कि उसके पहले अप्रैल में होने जा रहे लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन कैसा रहता है। वहां लोकसभा की 25 सीटें हैं। इनमें से 22 वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पास और 3 पर टीडीपी का कब्जा है।

देखना होगा कि कांग्रेस को यहां कितनी सफलता मिलती है। फिर भी, इतना तो तय है कि शर्मिला न केवल आगामी दोनों ही चुनावों में बड़ी भूमिका निभायेंगी वरन वे ही कांग्रेस का प्रमुख चेहरा बनकर उभरेंगी। अभी वैसे भी कांग्रेस के पास जगन मोहन से मुकाबले के लिये बड़ा चेहरा नहीं है क्योंकि वे देश के सर्वाधिक अमीर मुख्यमंत्रियों में से एक हैं जो चुनावों में पैसा पानी जैसा बहाने के लिये जाने जाते हैं। अगर उनके खिलाफ कांग्रेस को उन्हीं के घर से कोई प्रत्याशी मिलता है तो उसके लिये इससे बेहतर भला और क्या हो सकता है? इस दृष्टिकोण से भी अगर कांग्रेस पहले ही उन्हें सीएम का चेहरा बनाकर उतारे तो आश्चर्य नहीं होना चाहिये। वाईएसआर तेलंगाना पार्टी के विलय का अर्थ है कांग्रेस की दक्षिण भारत में किलेबन्दी का और मजबूत होना। कांग्रेस के लिये इस बार के लोकसभा चुनाव में वैसे भी दक्षिण भारतीय राज्य बड़ी भूमिका निभाने जा रहे हैं। माना जाता है कि उत्तर भारत की बजाये 2024 में दिल्ली की सत्ता का रास्ता दक्षिण से होकर गुजरेगा। भारतीय जनता पार्टी के लिये वैसे भी आंध्रप्रदेश में खोने को कुछ भी नहीं है परन्तु इस समय कांग्रेस यहां क्या हासिल करती है, यह महत्वपूर्ण है। शर्मिला द्वारा अपनी पार्टी का केवल गठबन्धन न कर उसके विलय का निर्णय यह भी बतलाता है कि प्रादेशिक दलों के लिये अब भाजपा की बजाये कांग्रेस को अधिक भरोसेमंद माना जाने लगा है।जो छोटे दल भाजपा प्रणीत एनडीए में शामिल हुए, उनका क्या हश्र हुआ- यह सबके सामने है। चूंकि ऐसे दलों में, खासकर दक्षिणी राज्यों में, प्रांतीय अस्मिता एक अहम मुद्दा होता है जिसे भुलाकर किसी राष्ट्रीय पार्टी में स्वयं का विलय कर देना भारतीय राजनीति में लम्बे समय के बाद देखी गई प्रवृत्ति कही जा सकती है।

## ईवीएम को लेकर फिर उठी चिंता, डाले गये वोटों का मिलान वीवीपैट से होना चाहिए

**- डॉ. ज्ञान पाठक**

ईवीएम में छेड़छाड़ और कमजोरियों के आरोप लगते रहे हैं और कई मामलों में अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है। हालांकि, यह आरोप खत्म नहीं हो रहा कि मतदान परिणामों में हेरफेर करने के लिए चुनाव से पहले, दौरान या बाद में ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है। हैकिंग या बाहरी इलेक्ट्रॉनिक वायरलेस हस्तक्षेप के प्रति ईवीएम की संवेदनशीलता भी लंबे समय से गंभीर चिंता का विषय रही है। ईवीएम को लेकर चिंताएं फिर से सामने आ गई हैं, क्योंकि पुरानी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें (ईवीएम) अभी भी बड़ी संख्या में उपयोग में हैं, नयी ईवीएम जो वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रायल (वीवीपीएटी) पेपर रिकॉर्ड के साथ आते हैं, पर्याप्त और व्यापक रूप से इस्तेमाल में नहीं हैं, और यहां तक कि सभी वीवीपैट भी गिनकर डाले गये मतों से मिलान नहीं किये जाते। इसलिए छेड़छाड़ और भेद्यता से इंकार नहीं किया जा सकता है, और कुछ समय पहले भी एक शोध पत्र में लोकसभा चुनाव परिणाम 2019 में 'अनियमित पैटर्न' पाया गया था। 20 दिसंबर, 2023 को आयोजित 28 विपक्षी राजनीतिक दलों के इंडिया गठबंधन बैठक ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की कार्यप्रणाली की विश्वसनीयता के बारे में संदेह व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव भी पारित किया था और मांग की थी कि वीवीपैट पर्चियां मतदाताओं को सौंपी जायें और उनकी 100 प्रतिशत गिनती बाद में की जाये, ताकि लोगों को पता चले कि उनके वोटों में हेराफेरी नहीं हुई है। इंडिया गठबंधन के घटक राजनीतिक दलों ने पारित प्रस्ताव में यह भी आरोप लगाया था कि ईवीएम के डिजाइन और संचालन पर कई विशिष्ट प्रश्नों के साथ चुनाव आयोग (ईसीआई) को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा था। हालांकि, दुर्भाग्य से, ईसीआई उस ज्ञापन पर इंडिया के प्रतिनिधिमंडल से मिलने में अनिच्छुक रहा है। प्रस्ताव में आरोप लगाया गया कि चुनाव निकाय ने अभी तक उनकी चिंताओं का जवाब नहीं दिया है। याद दिला दें कि कुछ महीने पहले ही अगस्त 2023 में अशोका यूनिवर्सिटी के एक असिस्टेंट प्रोफेसर सब्यसाची दास ने 'दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में डेमोक्रेटिक बैकस्लाइडिंग' शीर्षक से एक शोध पत्र में मैकक्रेरी टेस्ट के परिणाम के आधार पर कहा था, 'जबकि परिणाम मौजूदा पार्टी भाजपा के पक्ष में चुनाव परिणामों में संभावित हेरफेर के अनुरूप है, यह एकमात्र व्याख्या नहीं है। वैकल्पिक रूप से, यह हो सकता है कि सत्तासीन होने के नाते भाजपा जीत के अंतर पर 'सटीक नियंत्रण' रखने में सक्षम थी, यानी, वह जीत के अंतर का सटीक अनुमान लगाने में सक्षम थी, खासकर उन निर्वाचन क्षेत्रों में जहां करीबी मुकाबला होने की उम्मीद थी, और इसे प्रभावित करने में सक्षम थी, जो चुनावी प्रचार में इसके तुलनात्मक लाभ और संसाधनों तक अधिक पहुंच के कारण संभव था।'

# प्रथम ग्रासे मक्षिका पात

**राकेश अचल**

इस समय भारत में अयोध्या धर्म और राजनीति का सबसे बड़ा केंद्र है, क्योंकि आये दिन यहां 22 जनवरी को प्रस्तावित नवनिर्मित मंदिर में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बहिष्कार की खबरें आ रहीं हैं। रामलला को सियासी औजार बनाने के खिलाफ सबसे पहले जगद्गुरु शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती बोले और अब उनका अनुशरण करते है द्वारिका पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने भी अयोध्या न जाने का ऐलान कर दिया है। संस्कृत की कहावतों में इसे 'प्रथम ग्रासे मक्षिका पात' कहते हैं यानि पहले ही कौर [-निवाले ] में मख्खी का गिर जाना कहते हैं।

धर्म के मामले में अपना ज्ञान बेहद सीमित है। इसलिए मंदिर कैसा बना, वहां मुहूर्त किसने, कैसा निकलवाया या प्राण-प्रतिष्ठा का यजमान कौन हो और कौन न हो ? इससे अपना कोई लेना-देना नहीं है। अपने राम तो खुश हैं कि जैसे -तैसे अयोध्या में मंदिर बन गया। अर्थात अपने राम को आम खाने से मतलब है न कि पेड़ गिनने से। किन्तु जो सचमुच सनातन धर्म और संस्कृति के वास्तविक ध्वजवाहक बोलते हैं तो लगता है कि - कहीं न कहीं दाल में काला है। हमारे यहां आदि कहावत है कि आप 'तेली का काम तमोली से नहीं करा सकते, क्योंकि हर काम का एक विशेषज्ञ है। तिलों से तेल निकालने में जितना सिद्धहस्त एक तेली हो सकता है उतना तमोली नही। शायद यही बात पहले स्वामी निश्चलानंद ने कही और अब यही बात स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी कह रहे हैं। अविमुक्तेश्वरानंद कि पीठ गुजरात में है।

हम जैसे धर्मपरायण लोग इस बात से खुश थे कि मौन रहने के इस युग में कम से कम हमारे पास एक जगद्गुरु स्वामी निश्चलानंद तो हैं, लेकिन अब हमें संतोष हैं कि धर्मपथ पर स्वामी निश्चलानंद अकेले नहीं है। उनके साथ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद भी है। मुमकिन हैं कि 22 जनवरी से पहले देश के चारों शंकराचार्य अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के अधार्मिक आयोजन को लेकर एक राय हो जाएँ, हालाँकि इस प्रतिरोध से 22 जनवरी का सियासी कार्यक्रम अप्रभावित ही रहेगा, क्योंकि राज हठ सभी हठों से ज्यादा प्रबल होता है।

ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शास्त्रीय परंपराओं का अनुसरण नहीं किया जा रहा। भारत में राजा और धमार्चार्य हमेशा से ही अलग रहे हैं, लेकिन अब राजा को ही धमार्चार्य बनाया जा रहा है। यह भारतीय परंपराओं के विरुद्ध है। वह 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने अयोध्या नहीं जाएंगे।उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में सदैव से ही राजा राज करते रहे हैं और धर्म की स्थापना की जिम्मेदारी धमार्चार्यों पर छोड़ी जाती है। वर्तमान समय में इन परंपराओं का निर्वहन नहीं किया जा रहा। अब राजा को ही धमार्चार्य माना जा रहा है। इसके तहत अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में तय किया गया है कि पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दर्शन करेंगे। उनके जाने के बाद धमार्चार्यों को दर्शन के लिए भेजा जाएगा जो पूर्णतया गलत है।



धर्म के बारे में यदि एक छोड़ दो-दो शंकराचार्य एक ही बात कह रहे हैं तो देश कि धर्मप्राण, धर्मांध जनता को मान लेना चाहिए कि अयोध्या में जो कुछ हो रहा है उसका धर्म से कोई लेना देना नहीं है। अयोध्या का 22 जनवरी का कार्यक्रम सौ फीसदी राजनितिक कार्यक्रम है। फर्क सिर्फ इतना है कि उसके ऊपर धर्म का मुलम्मा चढ़ाया गया है। मुलम्मा यानि कलई चढाने का काम अरसे से बंद हो गया है अन्यथा एक जमाने में पीतल के बर्तनों पर कलाई चढ़ाना भी एक व्यवसाय हुआ करता था। अब ये काम सियासत में होता है। मुलम्मा यानि कलई कुछ देर के लिए तो बर्तन की चमक बढ़ा देती है किन्तु बाद में ये उतरने भी लगती है और जब उतरती है तब बर्तन बेहद बदरंग नजर आने लगते हैं। यही हाल सियासत में धर्म कि कलई लगाने का हो सकता है।

सत्तारूढ़ दल के हाथों इन दिनों कठपुतली बने राम मंदिर न्यास ने अपने प्रतिद्वंदियों को धर्मसंकट में डालने के लिए 22 जनवरी को अयोध्या आने का न्यौता दिया है। कांग्रेस समेत तमाम राजनीतिक दलों ने इस मंशा को समझा और इसे नाकाम करने के लिए 22 जनवरी को अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने की घोषणा कर दी है। भाजपा चाहती थी कि सभी विपक्षी दल प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार करें और उन्हें तत्काल धर्मविरोधी कहकर मतदाताओं को भड़काया जा सके। लेकिन अब ऐसा नहीं होने जा रहा। जब देश के दो शंकराचार्य ही इस प्राण-प्रतिष्ठा का हिस्सा नहीं हैं तब कोई दूसरा नेता इसमें शामिल हो या न हो इससे क्या फर्क पड़ने वाला है? रामलला को भी किसी के आने या न आने से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला लेकिन वे शंकराचार्यों के न आने से क्षुब्ध अवश्य होंगे।

भाजपा भूल गयी है कि रामलला किसी राजनीतिक दल के नेता नहीं है जो उनके लिए भीड़ धोकर लाइ जाये। भाजपा ने रामलला के लिए भीड़ जुटाने का दायित्व अपने बूथ स्तर के प्रभारियों तक को सौंपा है। भाजपा हर दिन रामलला के सामने 50 हजार की भीड़ प्रस्तुत करना चाहती है। भाजपा को लगता है कि यदि भीड़ न आई तो रामलला नाराज हो जायेंगे, लेकिन ऐसा है नही। लोग रामलला के दर्शन करने अपने पैसे से तब भी अयोध्या जा रहे थे जब वे एक तम्बू में विराजते थे, वे आज भी अयोध्या जायेंगे जब उनके लिए एक भव्य-दिव्य मंदिर बना दिया गया है। बल्कि अब अयोध्या जाना और मंहगा हो गया है क्योंकि सरकार ने इस पवित्र शहर को एक पर्यटन नगरी में तब्दील कर दिया है। अब यहां रहना, खाना घूमना सब पहले के मुकाबले मंहगा हो गया है।

स्वामी अवमुक्तेश्वरानन्द का कहना है कि अयोध्या में शुरू से ही गड़बड़ी हो रही है। वे मानते हैं कि मस्जिद के ढांचे को तोड़ना भी न्याय विधान के तहत नहीं था। हिंदुओं को खुश करने के लिए ही इसे तोड़ा गया था जबकि न्याय विधान के तहत इसे प्राप्त किया जाना चाहिए था। जिस समिति ने केस जीता उसे बाद में हटा दिया गया और नई समिति बना दी गई, जो न्यायसंगत नहीं है।उन्होंने कहा कि किसी भी मंदिर में निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले प्राण प्रतिष्ठा नहीं होती। प्राण प्रतिष्ठा तभी संभव है जब उसका निर्माण कार्य पूरा हो जाए। अयोध्या में फिलहाल गर्भगृह का फर्श बनाकर उस पर खभ्भे खड़े कर दिए गए हैं। मंदिर का पूर्ण निर्माण नहीं हुआ है। ऐसे में प्राण प्रतिष्ठा उचित नहीं है।

बहरहाल भाजपा के लिए संतोष की बात ये है कि उसके पास अभी भी चार में से दो शंकराचार्यों का आशीर्वाद है। वे भाजपा कि सत्ता और उसके द्वारा रामलला के मंदिर के लिए किये गए प्रयासों से शायद खुश हैं। वैसे भाजपा के पास अभी भी समय है कि वो शंकराचार्यों द्वारा उठाई गयी आपत्तियों का निवारण कर रामलला कि प्राण -प्रतिष्ठा में अपने नेता को यजमान बनाने के प्रश्न को अपनी मान -प्रतिष्ठा से न जोड़े। प्रधानमंत्री जी को श्रेय तो रामलला के दर्शन करने मात्र से मिलने वाला है। कांग्रेस क्या कोई भी दूसरा दल प्रधानमंत्री से ये श्रेय नहीं छीन सकता। भाजपा कि उपलब्धि है कि उसने देश की जनता के साथ ही शंकराचार्यों को भी विभाजित करने में सफलता हासिल कर ली है। भाजपा चाहे तो विरोधी शंकराचार्यों के यहां ईडी भिजवा सकती है। आखिर उनकी हैसियत ही क्या है ?

## बाबरीनुमा फसाद अब मुंबई में भी, बनेगी समाधि जो अभी मजार है

**के. विक्रम राव**


गोरखपंथ के संत मच्छिंद्रनाथ (मत्स्येंद्र नाथ) की बारह सदी पुरानी समाधि शीघ्र हिंदुओं को वापस मिलेगी। मुंबई से चालीस किलोमीटर के फासले पर कल्याण में यह तीर्थस्थली है। महाराष्ट्र के शिवसैनिक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गत सप्ताह सार्वजनिक घोषणा की कि हाजी मलंग गढ़ को अब मुक्त कर उसके असली आराधकों को दे दिया जाएगा। उनके पुत्र डॉ. श्रीकांत शिंदे इसी क्षेत्र से शिव सेना के लोकसभा के निर्वाचित सदस्य भी हैं।



मच्छिंद्रनाथ महाराज



हाजी मलंग बाबा दरगाह (महाराष्ट्र).



हाजी अब्दुल रहमान मलंग.

दो सदियों पूर्व इन पहाड़ियों पर नाथ संप्रदाय के प्रवर्तक मनछेंद्र नाथ की तपोस्थली थी। इन्हीं के अनुयायी हैं कर्नाटक के मांड्या जिले की नागमंगला पहाड़ियों पर स्थित आदि चुनचुनगिरी मठ तथा उत्तर प्रदेश के बाबा गोरखनाथ धाम पीठ के आस्थावान जो इससे सम्बद्ध है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुरु रहे धर्मवीर आनंद दिघे ने सर्वप्रथम हाजी मलंग की मजार को वापस नाथ संप्रदाय वालों को लौटाने का संघर्ष शुरू किया था। अब इसी शिवसेना पुरोधा के अनुयायी एकनाथ शिंदे ने उसे पूरा करने की घोषणा की है। चूंकि यह प्रण मुख्यमंत्री ने किया है अतः इसका महत्व बढ़ भी गया है। ठीक ऐसा ही प्रसंग था यूपी में राम जन्मभूमि का भी जब भाजपायी मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह ने नारा दिया था : ह्लमंदिर यहीं बनाएंगे।ह्व वे तब फैजाबाद में गए भी थे।

हालांकि मलंगगढ़ का यह धार्मिक विवाद पुराना है। मगर मुख्यमंत्री के खुले ऐलान से अब यह ताजा बन गया है। खासकर गत सप्ताह (4 जनवरी 2024) से जब एकनाथ शिंदे ने एक सभा में नारा दिया कि बारह सदियों पुराना अन्याय का खत्मा होगा। नाथ संप्रदाय की लोगों को मच्छिंद्रनाथ का समाधि स्थल मिलेगा। हालांकि यह मसला भी गत चार दशकों से न्यायालय के गलियारों में चलता रहा। नासिर खान जो हाजी पीर मलंग साहेब ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं का दावा है कि मराठा पेशवा शासकों ने इस मजार को मुसलमानों को देखभाल हेतु सौंपा था। यहां सालाना उर्स भी होता रहता है।

हिंदुओं का भी दावा है कि यह भूभाग वस्तुतः नाथ संप्रदाय के आस्थावानों की संपत्ति है। उन्हीं को मिलना चाहिए। गोरखनाथ पंथ के लोगों का कहना है कि हर दिन पूजा की जाती है। भोग लगाया जाता है। वहीं मगर मुस्लिम पक्ष मानता है कि यह 13वीं सदी में यमन से आए सूफी संत सूफी फकीर हाजी अब्दुल रहमान शाह मलंग उर्फ मलंग बाबा की यह मजार है। अस्सी के दशक में शिवसेना की ओर से इस मुद्दे को पहली बार उठाया गया। मामला कोर्ट तक भी पहुंच गया है। माघ पूर्णिमा के दिन मलंगगड यात्रा (फरवरी 1996) पर शिवसेना नेता आनंद दीघे के नेतृत्व में शिवसैनिक वहां पहुंचे और पूजा की गई। शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे के साथ तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर जोशी ने भी उस वर्ष पूजा में भाग लिया था और घोषणा की थी कि मलंग हिल्स को शिरडी की तर्ज पर एक धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। शिवसेना नेताओं के आग्रह पर इन लोगों को आरती की इजाजत मिली थी।

यहां एक किंवदंती हैं कि शिशु मत्स्येंद्र का जन्म एक अशुभ सितारे के तहत हुआ था। उसके माता-पिता को बच्चे को समुद्र में फेंक दिया था। बच्चे को एक मछली ने निगल लिया था। वह समुद्र के तल में चली गई जहाँ शिव अपनी पत्नी पार्वती को योग के रहस्य को बता रहे थे। उसे सुनकर मत्स्येंद्र मछली के पेट के अंदर योग साधना का अभ्यास करने लगे। बारह वर्षों के बाद वे अंततः एक प्रबुद्ध सिद्ध के रूप में उभरे।

अब इस्लामी पक्ष देखें। बाबा अब्दुर रहमान मलंग नमक यह सूफी संत 12वीं शताब्दी में मध्य भारत की आए। उनके अनुयायियों के साथ ब्राम्हणवाड़ी गांव पहुंचे, जिस पर उस समय मौर्य वंश के राजा नलदेव का शासन था। वहां इस अरब को स्थान मिला। हर साल उनका उर्स शरीफ होता है, इसमें विभिन्न पारंपरिक सूफी प्रथाएं शामिल हैं, जैसे कि मंदिर को फूलों से सजाना और 'चरागा' (रोशनी) और जुलूस निकालना। भारत और विदेश से साल भर आने वाले भक्तों के अलावा, उर्स शरीफ के दौरान यह मजार हजारों लोगों को आकर्षित करती है।

दरगाह परिसर में एक छोटा सा जलाशय है। इसमें जलाशय भक्तों द्वारा पवित्र (तबर्रुक) माना जाता है। लोगों का मानना है कि पानी बाबा के घोड़े ('घोड़े की ताप') के खुर से निकला था, जिसके कारण जलाशय के पानी का नाम "घोड़े की ताप का पानी" पड़ा। भक्तों के बीच यह भी आम धारणा है कि इस पानी को पीने से विभिन्न बीमारियाँ और अन्य रुहानी बीमारियाँ दूर हो सकती हैं।

फिलहाल हाजी मलंग दरगाह को लेकर महाराष्ट्र में राजनीति गरमाई हुई है मुख्यमंत्री शिंदे के इस बयान से कि हाजी मलंग दरगाह की मुक्ति के लिए शासन प्रतिबद्ध हैं।

इस बीच कुछ हिंदुजनों ने मछिंद्रनाथ की जीवित प्राचीन समाधि स्थल को संवारा गया है। जहां पहले समाधि स्थल को झाड़ियों ने ढक दिया था और गंदगी फैली थी अब यहां रौनक है। लोगों की आवाजाही हो रही है। आठ सदी पूर्व ली गई समाधि का जीर्णोद्धार भेडू महादेव की पंचायत डरोह के कस्बा गांव में हो रहा है। प्राचीन शिव मंदिर से चालीस फीट दूरी पर स्थित मछिंद्रनाथ नाथ की समाधि है। इस पर अंकित पट्टिका पर लिखा है मछिंद्रनाथ ने 25 दिसंबर 1263 इसवी मंगलवार सायं चार बजे जीवित अवस्था में समाधि ली। वक्त बीते समाधि झाड़ियों से ढक गई। इसके चारों ओर गंदगी फैली हुई थी। अब कुछ समय पहले नाथ संप्रदाय के लोगों ने यहां आकर समाधि की चारों तरफ सफाई की। अब इस समाधि पर गांव के लोग आने जाने लगे हैं। ध्यान देने वाली बात यह है की मछिंद्रनाथ श्री गोरखनाथ के गुरु हैं। जिनका संबंध वैष्णों देवी व बाबा बालक नाथ के साथ रहा है। आशा है कि अब जनांदोलन के फलस्वरूप हिंदुओं को यह नाथपंथ का अर्चना स्थल पुनः प्राप्त होगा।

## महिलाओं के लिहाज से पिछला साल

**- हेमलता म्हस्के**

महिलाओं ने इस साल विकास की प्रक्रियाओं में भी अपनी शानदार भागीदारी के झंडे गाड़े हैं। इस साल 'चंद्रयान - 3' की सफलता पूरे देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। 'चंद्रयान - 3' की मुख्य निदेशक एक महिला ही थी जो 'रॉकेट वूमेन' के नाम से जानी जाती हैं। देश और दुनिया में इस सफलता को हासिल करने में 'रॉकेट वूमन' के साथ पचास और अन्य महिलाएं भी शामिल थीं।

बीता हुआ 2023 का साल महिलाओं को बरसों याद रहेगा क्योंकि यही वह साल है जब संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में बढ़ोतरी का विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुआ। सैद्धांतिक रूप से ही सही पहली बार संसद में यह विधेयक पारित हुआ जो महिलाओं की तरक्की की और उनके दबदबे की अभूतपूर्व मिसाल है। इस राजनैतिक अधिकार को हासिल करने के बाद यह उम्मीद भी पैदा हुई है कि आने वाला भविष्य उनके हालातों में आमूलचूल बदलाव जरूर लाएगा, लेकिन दूसरी ओर इस साल मणिपुर में महिलाओं की आबरू उतारने और पहलवान महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के मामले भी उठे थे।

पिछले साल के दिसंबर में जारी 'राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो' (एनसीआरबी) के मुताबिक 2021 की तुलना में भारत में महिलाओं के खिलाफ रजिस्टर्ड अपराधों में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ये आंकड़े बता रहे हैं कि जब तक देश में महिलाओं के अनुरूप सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और प्रशासनिक ढांचे में बदलाव नहीं आते, महिलाओं पर अत्याचार कम नहीं होंगे।

उल्लेखनीय है कि महिलाओं ने इस साल विकास की प्रक्रियाओं में भी अपनी शानदार भागीदारी के झंडे गाड़े हैं। इस साल 'चंद्रयान - 3' की सफलता पूरे देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। 'चंद्रयान - 3' की मुख्य निदेशक एक महिला ही थी जो 'रॉकेट वूमेन' के नाम से जानी जाती हैं। देश और दुनिया में इस सफलता को हासिल करने में 'रॉकेट वूमन' के साथ पचास और अन्य महिलाएं भी शामिल थीं। 'चंद्रयान - 3' की सफलता यह बता रही है कि पुरुषों के मुकाबले महिलाएं कहीं से भी कम नहीं है।

पिछले कुछ दशकों में अपने क्षेत्रों के अलावा महिलाओं ने पुरुषों के वर्चस्व वाले क्षेत्रों में भी कुशलता का परिचय दिया है, कामयाबी के परचम लहराए हैं। उन्होंने साबित किया है कि वे अब किसी से कम नहीं हैं। वहीं यह दुखद और शर्मनाक है कि महिलाओं पर अत्याचार घर में और बाहर भी बढ़े हैं। दुर्गति यह है कि महिलाओं पर अत्याचार करने वाले को सजा नहीं मिलती और महिलाओं को उन्हीं के हवाले छोड़ दिया जाता है जो उन पर अत्याचार करते हैं। महिलाओं के साथ यह भी विडंबना है कि उन पर जब कभी अत्याचार होता है तो दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई होने के बजाय महिलाओं पर ही दोष मढ़ दिया जाता है।

अब जरा अपराध के आंकड़ों पर गौर करें- 2022 की 'एनसीआरबी' रिपोर्ट में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए, वहीं 2021 में यह संख्या 4,28,278 थी। रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में 2020 के मामलों की तुलना में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 15.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। 'आईपीसी' की विभिन्न धाराओं के तहत महिलाओं के खिलाफ ज्यादातर मामले 'पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता' (31.4 प्रतिशत) के थे, इसके बाद 'महिलाओं का अपहरण' (19.2 प्रतिशत), शील भंग (गरिमा को ठेस पहुंचाने) करने के इरादे से 'महिलाओं पर हमले' के तहत (18.7 प्रतिशत) और 'बलात्कार' (7.1 प्रतिशत) के मामले दर्ज किए गए। वर्ष 2022 में दिल्ली में लगातार तीसरे साल 14,158 मामलों के साथ महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के तहत सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए।

'महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उन पर हमला' और 'महिलाओं के अपहरण' के तहत दर्ज मामलों में दिल्ली 19 महानगरों में आगे रही। सभी राज्यों में उत्तरप्रदेश महिलाओं के खिलाफ दर्ज मामलों में सबसे ज्यादा 65,743 की संख्या के साथ फिर से सूची में सबसे ऊपर है। इसके बाद महाराष्ट्र (45,331 मामले), राजस्थान (45,058 मामलों) हैं। वर्ष 2021 में उत्तरप्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 56,083 मामले दर्ज किए गए, इसके बाद राजस्थान (40,738 मामले) था।

# मोदी विकसित कर रहे देश में चार जातियां: सांसद आरके सिंह पटेल

## मोदी की गारंटी गाडी का हुआ स्वागत।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा रामनगर ब्लॉक के कटैया खादर में गारंटी वाली गाड़ी का सांसद आरके सिंह पटेल की मौजूदगी में गर्मजोशी से स्वागत हुआ। गोष्ठी में सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि मोदी को देश में चार जातियां विकसित करनी हैं। पहली जाति है गरीब की, दूसरी जाति है किसान की, तीसरी व चैथी महिला व युवाओं की जाति है। हर हाल में मोदी हर योजना से लोगों को जोड़कर लाभान्वित कर रहे हैं।

रविवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि देश में कांग्रेस सरकार ने जमकर लूटने का कार्य किया है। मोदी का उद्देश है कि हर खेत को पानी, हर हाथ को काम, हर घर नल से जल पहुंचे। प्रत्येक गरीब लाभार्थी परिवार को आयुष्मान कार्ड से जोड़कर इलाज की गारंटी देने का मोदी का वायदा है। देश के विकास का पहिया तेजी से दौड रहा है। सभी गांवों में विद्युतीकरण का कार्य पूरा हो गया है। कोरोना काल से सभी परिवारों में कोटेदार से पांच किलो प्रति यूनिट राशन निरंतर जारी है। गरीब परिवारों को उज्वला योजना से गैस सिलेंडर दिया जा रहा है, ऑनलाइन कराकर योजना से लाभान्वित हो सकते हैं।



गोष्ठी में बोलते सांसद।

सांसद ने कहा कि मोदी देश में राम राज्य लाकर लोगों को गरीबी से ऊपर उठाना चाहते हैं। मोदी सरकार में सरकारी विद्यालयों का कायाकल्प हुआ है। किसानों को सम्मान निधि से सम्मानित करने का कार्य मोदी सरकार में हुआ है। मोदी सरकार ने स्वच्छता को बढ़ावा दिया है। सरकार अब मिशन मोड पर है, देश को परम वैभव पर ले जाने को आने वाले समय में भारत विश्व की अगुवाई करेगा। यात्रा में खासतौर से भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह, ब्लॉक प्रमुख रामनगर गंगाधर मिश्र, भाजपा नेता अर्जुन शुक्ला, प्रधान संजय सिंह, हेम सिंह, पुष्पेंद्र द्विवेदी, हर्ष मिश्रा, अरविंद यादव, मार्तंड सिंह, अंकित शुक्ला, सुनील, गोविंद नारायण शुक्ला, पप्पू निषाद, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, शिवाकांत पांडे आदि मौजूद रहे।

# पालिका के सहयोग से परिक्रमा में जारी है सफाई: चेयरमैन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 99वें स्वच्छता अभियान में स्वच्छ भारत मिशन के तहत साप्ताहिक अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि नगर पालिका के सहयोग से कामदगिरि स्वच्छता समिति लगातार कामतानाथ परिक्रमा में सफाई अभियान चला रही है।

रविवार को ईओ लालजी यादव ने कहा कि खुद के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने वाले सफाई के प्रति ध्यान देते हैं। कामदगिरि स्वच्छता समिति अध्यक्ष/ब्रांड एंबेसडर नगर पालिका राकेश केसरवानी ने कहा कि स्वच्छता अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वच्छ माहौल में रहने को प्रेरित करना है। लोगों में धीरे-धीरे स्वच्छता के प्रति जागरूकता आ रही है। लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पौराणिक जगह भगवान कामतानाथ परिक्रमा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत जमीनी स्तर पर अभियान चल रहा है। जिला प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शिवाकुमार ने कहा कि लोगों को गंदगी से होने वाली बीमारियों से जागरूक करना व स्वच्छता का महत्व बताने को अभियान जारी है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि लोगों को आदत में साफ-सफाई को महत्व देना चाहिए। स्वच्छता के प्रति ध्यान देते हुए तीर्थक्षेत्र में पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इससे प्रदूषण बढ़ता है, प्रदूषण से बचने को पालीथिन का इस्तेमाल न करें। अभियान में राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, शुभम केशरवानी, मनोज कुशवाहा, अंकुर केसरवानी, दीपक मलिक, जानकी कुशवाहा, राजेश कुमार, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## रोडवेज बस की ठोकर से युवक की मौत

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ क्षेत्र के छिवलहा गांव के पास झांसी-मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोडवेज बस की ठोकर से बाइक सवार युवक की मृत्यु हो गई। ये हादसा रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे हुआ। बताया गया कि मऊ क्षेत्र के भिटारी गांव का शुभम उर्फ दीपेश त्रिपाठी (35) पुत्र चंद्रमोहन उर्फ राजा किसी काम से मऊ आया था। वह पूर्वान्ह 11 बजे घर जा रहा था। तेज रफ्तार प्रयागराज की ओर से बांदा डिपो की रोडवेज बस ने बाइक सवार दीपेश को ठोकर मार दी। इससे उसकी मौके पर मृत्यु हो गई। आसपास के लोगों ने घायल हो मऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। डॉक्टरों के युवक को मृत घोषित करने पर परिजनों में हाहाकार मच गया। मृतक के दो बच्चे व मां संध्या देवी तथा पत्नी कोमल का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के दादा चंद्रकांत त्रिपाठी ने थाने में तहरीर दी है। मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# सादे वस्त्रों में एंटी रोमियों टीम मनचलों पर लगाती हैं अंकुश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के जारी मिशन शक्ति अभियान-4 में जिले के सभी थानों की एंटी रोमियों टीमों/शक्ति दीदी ने सार्वजनिक स्थल व गांवों में भ्रमण कर महिला-बालिकाओं को जागरुक किया।

रविवार को मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी के तहत पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर जिले की नोडल अधिकारी/मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में सभी थाना क्षेत्रों की एंटी रोमियों टीमों ने सार्वजनिक स्थलों व गांवों में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को चैराहे, बाजारों में असामाजिक तत्वों से मुक्ति दिलाने को जागरूक किया। राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील टिप्पणी आदि घटनाओं को रोकने को महिला/बालिकाओं को सुरक्षा बाबत फोन नम्बर बताये।



छात्रा को जागरूक करती एंटी रोमियो टीम।

महिलाओं/बालिकाओं को बताया कि सभी थानों में सुरक्षा/सहायता को महिला हेल्पडेस्क है। महिला पुलिसकर्मी महिलाओं की शिकायत सुनकर निस्तारण करती हैं। हेल्पलाइन नम्बरों के पंपलेट बांटे। महिलाओं को निर्भीक होकर नम्बरों का उपयोग करने की सलाह दी सोशल मीडिया पर प्राइवेसी रखते हुये प्रयोग करने को कहा। एंटी रोमियो स्क्वायड टीम ने बताया कि सादे वस्त्रों में प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों स्कूल, कालेज, कोचिंग संस्थान के आसपास पुलिस कर्मी तैनात रहते हैं। शोहदो/मनचलो पर अंकुश लगाते हैं।

# जिले में है उद्योग की सम्भावनायें, पुनः चित्रकूट बनेगा कारोबार का हब

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन ने जिले के श्रीजी भवन में दो दिवसीय प्रान्तीय व्यापारी महाकुंभ के समापन समारोह में देश के दिग्गज उद्योगपतियों ने शिरकत की।

रविवार को दो दिवसीय प्रान्तीय व्यापारी महाकुम्भ के अंतिम दिन देश के नामचीन उद्योगपति अमेठी से जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला के निदेशक राजेश अग्रहरि व प्रमुख उद्योगपति श्याम ग्रुप के निदेशक विदुप अग्रहरि आदि उद्योगपतियों ने महाकुम्भ में संयोजक/राष्ट्रीय महामंत्री शानू गुप्ता आदि पदाधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। समाजसेवी/संयोजक शानू गुप्ता ने कहा कि बुंदेलखंड में 150 वर्ष पहले चित्रकूट उद्योग व्यापार व रोजगार का केन्द्र था। जिले में उद्योग की बड़ी संभावना है। व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने महाकुम्भ में आये उद्योगपतियों से आग्रह किया कि चित्रकूट में बड़ी फैक्टरियां लगाई जायें। पुनः चित्रकूट उद्योग व्यापार का हब बने। उद्योगपति राजेश मसाला निदेशक राजेश अग्रहरी ने कहा कि उद्योग व पर्यटन की दृष्टि मोदी व योगी सरकार निरंतर तीर्थ क्षेत्र में है। जल्द ही चित्रकूट में उद्योग-व्यापार स्थापित होंगे। श्याम ग्रुप निदेशक विदुप अग्रहरि ने कहा कि डकैतों के भय से दस वर्ष पहले उद्योग-व्यापार करना कठिन था, चित्रकूट में नए उद्योग की योजना बनाई जाएगी। शुभारम्भ कामदगिरि पीठ के अधिकारी मदनगोपाल दास ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि जीएसटी का सरलीकरण हो। व्यापारियों की समस्याओं पर संगठन खड़ा है। दो दिवसीय क्रांति व्यापारी महाकुंभ के समापन पर हजारों व्यापारियों का मेला लगा। दूर-दूर से दिल्ली, आगरा, मथुरा, शाहजहांपुर, कानपुर, फतेहपुर, बिंदकी, औरैया, कन्नौज, प्रयागराज, वाराणसी, मिजार्पुर, सोनभद्र, जहानाबाद, बांदा, हमीरपुर जिले समेत कई जिलों व प्रदेशों से व्यापारी शामिल होकर प्रान्तीय व्यापारी महाकुंभ में एकजुटता का संदेश दिया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, जगत, प्रशांत अग्रवाल, रविंद्र जायसवाल, आलोक आर्य, अजीत सिंह बग्गा, विनोद केसरवानी, डॉ सुधीर अग्रवाल, स्वप्निल अग्रवाल, अशोक गुप्ता, विनोद आर्य, प्रमोद जायसवाल व संचालन शेशू जायसवाल ने किया। शकुंतला गुप्ता, किशन सोनी, रविराज अग्रहरि, अमित गुप्ता, सीताराम श्रीवास्तव, पप्पू साहू, रूपेश निगम, विष्णु केसरवानी आदि हजारों व्यापारी मौजूद रहे।




उद्योगपतियों का स्वागत करते शानू गुप्ता आदि।

# ईनामी अपराधियों को जल्द करें गिरफ्तार: एसपी

## निःसंकोच माफियाओं पर करें कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नवागंतुक पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना/चैकी/शाखा प्रभारियों से परिचय देकर जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा कर निर्देश दिए।

रविवार को नवागंतुक पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में राघव प्रेक्षागार में परिचयात्मक गोष्ठी हुई। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना/चैकी/शाखा प्रभारियों से परिचय लिया। जिले की कानून व्यवस्था बाबत समीक्षा कर निर्देश दिये कि जिले में पूर्ण रूप से कानून व्यवस्था कायम रखते हुए अपराधों की रोकथाम कर घटित घटनाओं का खुलासा करना है। क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के तहत अपराध से दंड तक की प्रक्रिया का जल्द अनुपालन कराने से कानून का पालन होगा, जनता को जल्द न्याय मिले।



गोष्ठी में निर्देश देते एसपी अरुण कुमार सिंह।

थाना-चैकी में आने वाले पीडितों की समस्याओं का शत-प्रतिशत पंजीयन कर जल्द निस्तारण किया जाये। लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण गुण-दोष से जल्द करें। महिला बाबत अपराध व पाक्सो बाबत मामलों का समय से निस्तारण किया जाये।

उन्होंने कहा कि टॉप-10 व चिन्हित माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही में संकोच न किया जाये। माल मुकदमाती का निस्तारण करें। ईनामी अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की जाये। गोष्ठी में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीओ मऊ जयकरन सिंह, सीओ लाइन/कार्यालय/यातायात राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिव नारायण, वाचक पुलिस अधीक्षक परितोष दीक्षित, प्रभारी मीडिया सेल विजय सिंह, स्टेनो पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मिश्र, पीआरओ प्रदीप पाल, प्रधान लिपिक अनुज पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## बीडीओ का सुझाव: प्रत्येक गांव में सचिव कर सकते समस्या निदान

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के बीडीओ शैलेन्द्र सिंह ने गांवों को सुविधा युक्त बनाने को सरकार प्रत्येक गांव के पंचायत भवनों/सचिवालयों को बना रही है। पंचायत सहायकों की तैनाती की गई है। लोगों को विभिन्न कागज बनवाने को ब्लाक मुख्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। रविवार को बीडीओ रामनगर शैलेन्द्र सिंह ने ग्रामीणों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र समेत अन्य कागज बनवाने को दर-दर भटकना पड़ता है। ज्यादातर पंचायत भवनों/सचिवालयों में ताला लटकता मिलता है। जो पंचायत भवन/सचिवालय खुले मिलते हैं, पंचायत सहायक व सचिव नहीं मिल पाते। ग्रामीण ज्यादातर सचिवों को ढूंढते नजर आते हैं। ग्रामीणों को ये तक नहीं पता कि उनके गांव का सचिव कौन है।

# जिलाधिकारी एकादश ने नागरिक एकादश को 43 रन से हराया

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर सुभाष चैलेंज कप 21वें वर्ष में जिलाधिकारी एकादश व नागरिक एकादश सद्भावना मैच हुआ। जिलाधिकारी एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 173 रन बनाए, 174 का लक्ष्य दिया।

रविवार को जिलाधिकारी एकादश के सत्येन्द्रनाथ सिंह ने 23 गेंद में 28 रन, विकाश यादव ने 22 गेंद में 23 रन बनाये। नागरिक एकादश से अनिल प्रधान ने तीन ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट, अशोक जाटव ने दो ओवर में 22 रन दिए। लक्ष्य पाने को नागरिक एकादश ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 134 रन बना सकी। नागरिक एकादश से स्वप्निल अग्रवाल ने 26 गेंद में 22 रन, अशोक जाटव ने 18 गेंद में 11 रन की पारी खेली। जिलाधिकारी एकादश से जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने दो ओवर में दस रन, अमित ने तीन ओवर में 14 रन देकर एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच निशांत रहे। जिलाधिकारी एकादश ने मुकाबले को 43 रन से अपने नाम किया।

मैच के मुख्य अतिथि जिला जज विकास कुमार, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, विशिष्ट अतिथि सदर विधायक अनिल प्रधान, विशिष्ट अतिथि/एसडीएम मो जाशीन, अशोक जाटव, एक्सईएन लोनिवि सत्येन्द्रनाथ, मोसू खान, पंकज अग्रवाल, चंद्र प्रकाश खरे आदि मौजूद रहे। मैच के अंपायर हैदर जहान, प्रेम नारायण, स्कोरर विजय, सौरभ नाहर, समसुद्दीन, लोकेश सिंह, कमलेश परिहार, रामचंद्र कुरील, आनंद, ऋषि यादव, करन पटेल, रानू, हिमांशु नाहर, अनुराग आदि मौजूद रहे।

## एसपी के निर्देश पर हुआ 17 हजार का चालान

**चित्रकूट।** शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर थाना-चैकी प्रभारियों ने शहर व कस्बे में पैदल गश्त कर वाहनों की जांच की। जांच दौरान 17 हजार रुपये का चालान किया रविवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने को थाना-चैकी प्रभारियों ने मिश्रित आबादी व भीडभाड वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया। पुलिस टीमों ने दुकानदारों, क्षेत्रीय नागरिकों व पेट्रोल पम्पों की जांच की। पम्प मालिकों से वार्ताकर सुरक्षा का भरोसा दिया। पैदल गश्त दौरान पुलिस ने शराब दुकानों की जांच की। दो व चार पहिया वाहनों की जांचकर अनियमितता मिलने पर वाहनों का 17 हजार रुपये का चालान किया।

# समाजसेवी शिक्षक ने सीआईसी प्रधानाचार्य को किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सेवानिवृत्ति शिक्षक प्रताप नारायण सिंह ने चित्रकूट इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान को नववर्ष में अंगवस्त्र व प्रशंसा पत्र भेंटकर कालेज संचालन की बधाई दी।

रविवार को सेवानिवृत्ति शिक्षक प्रताप नारायण सिंह चित्रकूट इंटर कॉलेज में अंग्रेजी प्रवक्ता पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इन दिनों चैधरी शिव सहाय सिंह इंटर कॉलेज जयरामपुर फतेहपुर में प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत हैं। चित्रकूट इंटर कालेज में शिक्षा की गुणवत्ता-अनुशासन को जाने जाते हैं। सेवानिवृत्त हुए 22 वर्ष हो गए, वे निराश्रित, वृद्धजनों, दिव्यांगों व जरूरतमंदों की यथा संभव मदद करते हैं। भीषण सर्दी में वद्धों, निराश्रित, जरूरतमंदों को कंबल बांटकर ठंड से बचाने का काम कर रहे हैं। वे बछरन गांव के हैं। युवा पीढ़ी को शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ाने को प्रेरित करते हैं।



डॉ रणवीर सिंह को सम्मानित करते शिक्षक।

# नई हवाओं की सोहबत बिगाड़ देती है: एसपी अरुण कुमार सिंह

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जो जुर्म करते हैं, इतने बुरे नहीं होते, सजा न देकर अदालत बिगाड देती है- कुछ इस अंदाज में नवागंतुक पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सेवा के शुरूआती दौर से ही एंटी डकैती व एंटी नक्सल से जुड़े रहे हैं। इससे क्षेत्र की बेहतर समझ है। प्रयास है कि ग्रामीण पुलिसिंग मजबूत हो।

रविवार को नवागन्तुक पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह पत्रकारों से रुबरु हुए। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में डकैत समाप्त हो गये हैं। आम जनता को जोड़ने से जिले की पुलिसिंग पारदर्शी हो, किसी भी नागरिक के साथ अन्याय न हो। एसपी अरुण कुमार सिंह संवेदनशीलता से कार्य के प्रति ईमानदार व जनता से संवाद करने वाले अधिकारियों में शुमार हैं।



पत्रकारों से रुबरु होते एसपी।

वे एसपी कानून व्यवस्था पुलिस मुख्यालय में तैनात थे। जिले में बतौर एसपी पहली तैनाती है। वे नोएडा एसपी सिटी, रामपुर एडिशनल एसपी, बदायूं व गोरखपुर में एसपी साउथ पद पर रहे है।

एसपी अरुण कुमार अपराध में मजबूत पकड़ रखते हैं। जो मामले लाइलाज हो चुके हैं, उन्हें सुलझाने में महारथ हासिल है। बीते वर्ष गोरखपुर पुलिस को चुनौती बने मामले का खुलासा किया तो अधिकारी हैरान रह गए। कोरिया में बैठकर यूपी के गोरखपुर में हत्या की घटना खासी दिलचस्प रही है। रामपुर में भी कई मामलों को सुलझाया है। माफियाओं पर अंकुश लगाने का कार्य किया जायेगा। योगी सरकार बनते ही पहली तैनाती नोएडा में दी गई थी। उनका जन्म आजमगढ़ जिले में 1967 में हुआ था। प्रारम्भिक शिक्षा-दीक्षा आजमगढ़ के बाद इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से हुई है। वे प्रान्तीय सिविल सर्विस में आए। जहां भी तैनात रहे, कुशल बर्ताव से लोगों के दिलों में छाप छोड़ते रहे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का प्रमुख स्तंभ है, संवाद से समस्यायें सुलझेंगी। नई हवाओं की सोहबत बिगाड देती है, कबूतरों को खुली छत बिगाड देती है। इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी मौजूद रहे।

## एसपी ने देखा चौकी शिवरामपुर

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने चौकी शिवरामपुर का औचक निरीक्षण किया। रविवार को निरीक्षण में उन्होंने कार्यालय में रजिस्टरों को देखकर दुरुस्त करने के निर्देश दिये। कार्यालय, बैरक, भोजनालय, चैकी परिसर का भ्रमण कर साफ- सफाई को प्रभारी चैकी शिवरामपुर को निर्देश दिए। इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

## नेपाल और भारत के ऊर्जा सचिवों की बैठक में हुए कई अहम फैसले



**काठमांडू।** नेपाल और भारत के ऊर्जा सचिव स्तरीय बैठक में अन्तरदेशीय प्रसारण लाइन की क्षमता बढ़ाने से लेकर बांग्लादेश तक में बिजली निर्यात जैसे कई अहम मुद्दों पर फैसले लिए गए हैं।नेपाल के चितवन में हुई दो दिवसीय बैठक में मुजफ्फरपुर ढल्केवर प्रसारण लाइन की क्षमता को दोगुना किए जाने पर सहमति हो गई है।

भारत के ऊर्जा मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल ने बताया कि नेपाल का पहला अन्तरदेशीय प्रसारण लाइन रहे मुजफ्फरपुर ढल्केवर प्रसारण लाइन की वर्तमान क्षमता 400 केवी की है। सचिव स्तरीय बैठक में इसकी क्षमता 800 केवी तक पहुंचाने पर सहमति हो गई है। इसके अलावा नेपाल को भारतीय प्रसारण लाइन का प्रयोग कर अपना बिजली बांग्लादेश तक बेचने को लेकर जल्द ही त्रिपक्षीय समझौता करने का भी फैसला लिया गया।

नेपाल के ऊर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता नवीन राज सिंह ने बताया कि भारत के रास्ते बांग्लादेश तक बिजली बेचने के लिए जल्द ही नेपाल विद्युत प्राधिकरण, भारत की एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम और बांग्लादेश के पावर डेवलपमेंट बोर्ड के बीच त्रिपक्षीय समझौता करने पर सहमति हो गई है। प्रवक्ता सिंह ने बताया कि सचिव स्तरीय बैठक में नेपाल भारत के बीच रहे मौजुदा विद्युत प्रसारण लाइन, निमार्णाधीन तथा प्रस्तावित अन्तरदेशीय प्रसारण लाइन, भारतीय निवेश वाले विभिन्न जलविद्युत आयोजना तथा सम्बद्ध प्रसारण लाइन आयोजना, अन्तरदेशीय विद्युत आयातझनिर्यात जैसे विषयों पर चर्चा की गई थी।

## इजराइल ने जेनिन में पूरी रात किया हमला, छह फिलिस्तीनी मारे गए, आईडीएफ के चार जवान घायल



**जेनिन।** इजराइल की सेना का फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के खिलाफ अभियान जारी है। इजराइल की सेना ने शनिवार पूरी रात वेस्ट बैंक के जेनिन शरणार्थी शिविर में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चलाया। इस कार्रवाई में छह फिलिस्तीनी मारे गए। इस दौरान इजराइल की सेना का एक वाहन सड़क किनारे लगाए गए विस्फोटक की चपेट में आ गया। इससे चार जवान घायल हो गए।

समाचार पत्र द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान घायल चार जवानों में से दो की हालत नाजुक है। एक संयुक्त बयान में इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) और पुलिस ने कहा है कि सेना के वाहन आतंकवाद विरोधी अभियान के लिए जेनिन में दाखिल हो रहे थे, तभी सड़क के किनारे लगाए गए एक विस्फोटक उपकरण ने सीमा पुलिस के वाहन को टक्कर मार दी। इसी दौरान चार जवान जख्मी हो गए। आईडीएफ का कहना है कि उसके हेलीकॉप्टर ने सैनिकों को निशाना बनाने वाले फिलिस्तीनी बंदूकधारियों के एक समूह के खिलाफ हवाई हमला किया। फिलिस्तीनी प्राधिकरण के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार तड़के कहा कि इस हमले में छह नागरिक मारे गए।

## प्रधानमंत्री शेख हसीना को भरोसा, जनादेश बांग्लादेश अवामी लीग के पक्ष में आएगा



**ढाका।** बांग्लादेश अवामी लीग की अध्यक्ष और प्रधानमंत्री शेख हसीना ने उम्मीद जताई है कि 12वें संसदीय राष्ट्रीय चुनाव में उनकी पार्टी जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि जनादेश उनके पक्ष में आएगा। समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, उन्होंने यह टिप्पणी आज सुबह मतदान करने के बाद पत्रकारों से की।

पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में शेख हसीना ने कहा, ''बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी आतंकवादियों की पार्टी है। यह पार्टी कभी भी चुनाव में विश्वास नहीं करती। चुनाव में धांधली और मतपत्रों में हेराफेरी करना इस पार्टी का चरित्र है। अब उन्हें यह मौका नहीं मिल रहा है। इसलिए चुनाव का बहिष्कार कर रही है।''

एक विदेशी पत्रकार के चुनाव की विश्वसनीयता के संबंध में पूछे गए सवाल पर प्रधानमंत्री हसीना ने कहा, ''मुझे आतंकवादी पार्टी के सामने विश्वसनीयता साबित नहीं करनी है। लोगों के प्रति मेरी जवाबदेही है। लोग इसे स्वीकार करेंगे या नहीं, यह मेरे लिए महत्वपूर्ण है।ह्व उन्होंने देशवासियों से मतदान केंद्रों पर जाकर वोट डालने का भी आग्रह किया। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सुबह 8:30 बजे ढाका सिटी कॉलेज मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। उनके साथ उनकी बेटी साइमा वाजेद और बहन शेख रेहाना भी थीं। ढाका सिटी कॉलेज केंद्र ढाका-10 निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यहां से अभिनेता फिरदौस अहमद अवामी लीग के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। अहमद ने मतदान केंद्र पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

## जापान में राजनीतिक चंदा घोटाले में निचले सदन के सदस्य योशिताका इकेदा गिरफ्तार





**टोक्यो।** जापान में राजनीतिक चंदा घोटाले की लपटों से झुलस रही सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी को रविवार को तगड़ा झटका लगा। जापानी अभियोजकों ने निचले सदन के सदस्य योशिताका इकेदा को गिरफ्तार कर लिया। इस घोटाले के सिलसिले में हुई पहली गिरफ्तारी के बाद आरोपों से घिरे बाकी नेताओं पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है।

स्थानीय अखबार जापान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, जापानी अभियोजक इस घोटाले की जांच के सिलसिले में दिसंबर के आखिरी सप्ताह से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय शिंजो आबे के करीबी नेताओं से पूछताछ कर रहे थे। 25 दिसंबर को अभियोजकों ने इस घोटाले के संबंध में पूर्व शीर्ष सरकारी प्रवक्ता हिरोकाजु मात्सुनो व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय शिंजो आबे के करीबी अन्य नेताओं से पूछताछ की। इन सभी पर चंदे के रूप में जुटाई गई धनराशि में करोड़ों येन का घपला किए जाने का आरोप है।

अखबार के अनुसार अभियोजकों ने राजनीतिक निधि नियंत्रण कानून का उल्लंघन करने के संदेह में निचले सदन के सदस्य इकेदा योशिताका को गिरफ्तार किया है। अभियोजकों ने 27 दिसंबर को इकेदा के कार्यालयों पर छापा मारा था। जांच अधिकारियों का कहना है कि इकेदा के कार्यालय को 2022 तक की पांच साल की अवधि के दौरान लगभग 48 मिलियन येन (331,000 डॉलर) से अधिक रकम गलत तरीके से मिली। इकेदा अक्टूबर 2021 से अगस्त 2022 तक शिक्षा राज्यमंत्री रहे हैं। अखबार के अनुसार अभियोजकों ने गुट के अध्यक्ष रियू शियोनोया, पूर्व महासचिव त्सुयोशी ताकागी और हाउस ऑफ काउंसलर्स में पार्टी के पूर्व महासचिव हिरोशिगे सेको से भी पूछताछ की। अखबार ने सूत्रों के हवाले कहा था कि सत्तारूढ़ दल के मात्सुनो, ताकागी और सेको ने 2022 तक पांच वर्ष में 10 मिलियन येन से अधिक का घपला किया है। इस अवधि में लगभग 500 मिलियन येन की उगाही की गई।

## अमेरिका में 170 से ज्यादा बोइंग 737 मैक्स-9 विमानों की उड़ान पर रोक



**वाशिंगटन।** अमेरिका के एयर सेफ्टी रेगुलेटर ने शनिवार देररात अलास्का एयरलाइंस बोइंग के 170 से ज्यादा 737 मैक्स 9 विमानों की उड़ान पर अस्थाई रोक लगा दी। एयर सेफ्टी रेगुलेटर का यह फैसला ओरेगॉन की घटना के बाद आया है। इस घटना में बोइंग के विमान का बीच हवा में दरवाजा टूट गया। इससे यात्रियों की जान पर बन आई। इसके बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।


द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने बोइंग के 737 मैक्स 9 विमानों की तुरंत जांच का निर्देश दिया है। जांच पूरी होने के बाद ही इन विमानों की उड़ान शुरू हो सकेगी। शनिवार देररात जारी आदेश के बाद अमेरिका में बोइंग 737-9 मैक्स सीरीज के करीब 171 विमान नहीं उड़ सकेंगे। रिपोर्ट के अनुसार शनिवार शाम करीब पांच बजे इस विमान का इमरजेंसी एग्जिट डोर 16 हजार फीट की ऊंचाई पर उखड़ गया था। विमान में 171 यात्री और छह क्रू मेंबर सवार थे। यह विमान पोर्टलैंड से कैलिफोर्निया के ओंटारियो जा रहा था। दरवाजा उखड़ने के बाद विमान के अंदर प्रेशर घट गया और ऑक्सीजन मास्क खुल गए थे। विमान में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।

डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, विमान यात्री 20 वर्षीय एलिजाबेथ ने कहा कि विमान में बैठने पर आमतौर पर जो आवाज सुनाई देती है, उससे 10 गुना ज्यादा तेज आवाज आ रही थी। ऐसा लग रहा था जैसे हमारे कान फट जाएंगे। एक और विमान यात्री कायली रिंकर के अनुसार, दरवाजे के बगल की सीट पर एक बच्चा बैठा था। उसकी शर्ट फट गई।

डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, दरवाजे के अलग होते ही पायलट ने इमरजेंसी की घोषणा की। ऑडियो रिकॉर्डिंग्स में पायलट एयर ट्रैफिक कंट्रोल से लैंडिंग की बात कहते सुनाई देता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सीरीज के विमान दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होते हैं। 2018 में इंडोनेशियाई एयरलाइन के तहत उड़ान भरते वक्त पहली बार यह विमान क्रैश हुआ था। तब करीब 189 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद मार्च 2019 में एक और बोइंग 737 मैक्स प्लेन क्रैश हुआ। इसमें 157 लोगों की मौत हो गई। इसके तीन दिन बाद अमेरिका ने इनकी उड़ान पर रोक लगा दी।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## बांग्लादेश में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान शुरू, शेख हसीना ने ढाका सिटी कॉलेज में वोट डाला




**ढाका।** बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए आज सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान शुरू हो गया। अवामी लीग की अध्यक्ष और प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सुबह 8:03 बजे ढाका सिटी कॉलेज मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। स्थानीय अखबार द डेली स्टार ने अपनी वेबसाइट पर सचित्र रिपोर्ट जारी की है।

द डेली स्टार के अनुसार, ढाका सिटी कॉलेज केंद्र ढाका-10 निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इसमें धानमंडी, हजारीबाग, न्यू मार्केट और कलाबागान पुलिस स्टेशन शामिल हैं। इस सीट पर उनकी पार्टी से अभिनेता फिरदौस अहमद चुनाव मैदान में हैं। बांग्लादेश चुनाव आयोग के अनुसार 11.96 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं। 42000 से अधिक केंद्र बनाए गए हैं। 27 राजनीतिक दलों के 1500 से अधिक उम्मीदवारों के अलावा 436 स्वतंत्र उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

आयोग के अनुसार देश में लगभग 8,00,000 पुलिस, अर्धसैनिक बल और पुलिस सहायकों को मतदान केंद्रों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। नतीजे आठ जनवरी की सुबह से आने शुरू हो जाएंगे। मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी चुनाव का बहिष्कार कर रही है। बांग्लादेश के राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार प्रधानमंत्री शेख हसीना की सत्तारूढ़ अवामी लीग का लगातार चौथी बार जीतना लगभग तय है।

## नेपाल: जबरन धर्मांतरण कराने के आरोप में दो आरोपितों को पुलिस के हवाले किया



**काठमांडू।** कपिलवस्तु में इलाज के नाम पर ईसाई धर्म का प्रचार करने के आरोप में दो लोगों को स्थानीय लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया है।

कपिलवस्तु के एक घर में दो लोगों को उस समय स्थानीय लोगों ने पकड़ा जब वो वहां मौजूद दिव्यांग बच्चों को जबरन बाईबल पढ़ा रहे थे और उनके ठीक होने का दावा कर रहे थे। इतना ही नहीं वहां पर कुछ बीमार महिलाओं को भी रखा गया था जिन पर जबरन धर्म परिवर्तन करने का दबाव देते हुए उनकी बीमारी को ठीक करने का भी दावा किया जा रहा था।

पुलिस ने बताया कि महाकाल युवा शक्ति नेपाल के कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों को मिली सूचना के बाद जब उस जगह पर छापेमारी की गई तो दो लोगों को नियंत्रण में लेकर पुलिस के हवाले किया। पुलिस के मुताबिक उन दोनों युवकों पर जबरन धर्मांतरण के कार्य में संलग्न होने का मुकदमा चलाया जाएगा। महाकाल युवा शक्ति के कार्यकर्ताओं ने बताया कि जिस जगह पर धर्मांतरण का यह खेल चल रहा था वह पुलिस थाने के बहुत ही करीब है।

पुलिस ने धर्मांतरण कराने के आरोप में कृतिराज ढुंगेल और उनके सहयोगी मनोज कहांर को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कर लिया है। इनके करतूत से नाराज स्थानीय ने धर्मांतरण के दोनों आरोपित के चेहरे पर कालिख पोत दी थी। महाकाल युवा शक्ति के कार्यकर्ताओं ने बताया कि उन्हें यह सूचना तब मिली जब वो अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा की अक्षत कलश लेकर वहां पहुंचे थे।